www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 281 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
06 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
दैनिक
# तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
»डॉ. लोहिया की जन्मभूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:56
सूर्यास्तः 05:27
अधिकतमः 17°00
न्यूनतमः 09°00



पेज 07 »

विशेष समाचार | पेयजल पाइपलाइनों के ... >> पेज 04 | एक लाख का ईनामी बदमाश... >> पेज 06 | 'रोना आ जाता है'...

## योगी सरकार का बड़ा फैसला, 32,679 पदों पर होनी है भर्ती

# यूपी पुलिस भर्ती में एज लिमिट तीन साल बढ़ी

**राहत**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । सीएम योगी ने 32,679 पदों पर पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट दी है। दरअसल, एज लिमिट (आयु सीमा) विवाद सरकार की गले की फांस बनता जा रहा था। एज लिमिट बढ़ाए जाने की मांग सरकार के भीतर भी उठने लगी थी। इसे देखते हुए योगी सरकार ने यह फैसला लिया है। दरअसल, राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, भाजपा के विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी और दिनेश रावत ने योगी को पत्र लिखकर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा 22 वर्ष से बढ़ाकर 25 वर्ष किए जाने की मांग की थी।

>> (शेष पेज 06 पर)



### सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन/अपलोड

एक बार OTR पूरा हो जाने के बाद आपकी प्रोफ़ाइल सिस्टम में सेव हो जाती है। इसके बाद जब भी आप यूपी पुलिस या किसी अन्य बोर्ड की भर्ती के लिए आवेदन भरेंगे, तो आपके आधार-बद्ध विवरण अपने-आप आ जाते हैं।

### कितनी फीस लगेगी?

सामान्य, ईडब्लूएस और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 500 रुपए।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिए 400 रुपए।

### क्या शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए?

आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी किसी भी बोर्ड से 12वीं पास होना चाहिए। आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए।

### अतिरिक्त योग्यता, जो मदद करेंगे

DOEACC या NIELIT संस्था से कंप्यूटर में O लेवल या उससे हाई लेवल का सर्टिफिकेट
प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा
**NCC का B प्रमाण-पत्र**

नोट- इन सर्टिफिकेट्स के आधार पर कुछ अभ्यर्थियों को समान अंक होने की स्थिति में प्राथमिकता दी जाती है। इसमें कोई अतिरिक्त अंक नहीं दिए जाएंगे, बल्कि बराबर अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में चयन के समय प्राथमिकता तय की जाएगी।

### ओटीआर क्यों ज़रूरी है?

**फ़्यूचर रिकग्निशनः** अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं में सिस्टम आप ही-आप आपका रिकॉर्ड पहचान लेता है।

**गलती की संभावना कमः** बार-बार डेटा टाइप करने की बजाय एक बार दर्ज डेटा इस्तेमाल होता है।

**पारदर्शिता बढ़ेः** आधार आधारित पंजीकरण से फर्जी आवेदन की संभावना घटती है।


डेटा मैनेजमेंट सरलः बोर्ड को अभ्यर्थियों का डेटा अच्छे से ट्रैक और प्रोसेस करने में मदद मिलती है।

**आपको कब OTR करना है?**

OTR करना अनिवार्य है। बिना वन टाइम रजिस्ट्रेशन किए आप आवेदन नहीं भर पाएंगे।

**OTR की प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी होती है।**

एक बार OTR होने पर उस रजिस्ट्रेशन नंबर / पासवर्ड से आगे का पूरा आवेदन मैनेज होता है।



### मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

कोलकाता । चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी ओर उनके भाई मोहम्मद कैफ के SIR फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के सामने पेश होने को कहा गया है।

# दिल्ली विधानसभा : आप के 4 विधायक 3 दिन के लिए सस्पेंड

## शीतकालीन सत्र के पहले दिन एलजी के भाषण में हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। इस दौरान आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायकों ने हंगामा किया, जिसके बाद AAP के चार विधायकों को तीन दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

>> (शेष पेज 06 पर)



### सरकार के लिए पुरानी अफसरशाही की सुस्ती चुनौती

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अपने अभिभाषण में कहा कि दिल्ली सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सालों से चली आ रही प्रशासनिक सुस्ती और नकारात्मक सोच को खत्म करना है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## एक घंटे सर्द धूप में चर्चा, केशव-पाठक भी दिल्ली में, राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ीं

# एसआईआर के आंकड़े लेकर मोदी से मिले योगी



**मुलाकात**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/नई दिल्ली । सीएम योगी सोमवार को दिल्ली दौरे पर हैं। यहां उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। योगी ने मोदी को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक मुलाकात हुई। बैठक के दौरान योगी के पास एक फाइल दिखी। माना जा रहा है कि इसमें यूपी में SIR के आंकड़े थे।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों के बीच SIR और प्रदेश सरकार के आगामी कामकाज को लेकर बात हुई। योगी ने पीएम को SIR के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पीएम को जेवर एयरपोर्ट और गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह और अगले महीने संभावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का न्योता भी दिया। सीएम ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य पहले से ही दिल्ली में हैं। पाठक ने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह मुलाकात की। तीनों दिग्गजों का दिल्ली में जमावड़ा होने से सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



योगी ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। उन्हें राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस दौरान योगी के पास एक फाइल ने सभी का ध्यान खींचा।

"सीएम योगी ने पीएम मोदी के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की है।

### मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं ने सियासी सरगर्मियां बढ़ाईं

योगी की मोदी और पाठक की नितिन नबीन-बीएल संतोष से मुलाकात के बाद यूपी में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। योगी सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। योगी सरकार 2.0 का पहला मंत्रिमंडल विस्तार लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से एक हफ्ते पहले 5 मार्च 2024 को किया गया था। इसमें सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, रालोद से अनिल कुमार, भाजपा के सुनील शर्मा और सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया गया था। इसमें एक दलित, दो ओबीसी और एक ब्राह्मण समाज से थे।

**फास्ट न्यूज**

### टाइफाइड से बच्ची की मौत का संदेह

गांधीनगर । गुजरात के गांधीनगर में दूषित पानी के कारण टाइफाइड फैला है। सोमवार को यहां के सिविल अस्पताल में एक बच्ची की मौत हो गई है और दो अन्य गंभीर हैं। संदेह है कि मौत टाइफाइड से ही हुई है। अस्पताल में 152 मरीजों का इलाज चल रहा है। इनमें से 50 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

**मीटिंग बयान**

### शशि थरूर बोले-मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं भटका

वायनाड । कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं भटका। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल है, किसने कहा कि मैंने पार्टी लाइन छोड़ दी। जब मैंने विभिन्न विषयों पर अपनी राय व्यक्त की तो पार्टी और मैं एक ही लाइन पर खड़े थे।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि वह 17 साल से पार्टी में हैं और सहकर्मियों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। थरूर ने केरल के वायनाड स्थित सुल्तान बथेरी में आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए KPCC की लक्ष्य 2026 नेतृत्व शिविर में भाग लिया।

### कर्नाटक में कांग्रेस एमएलसी ने बीजेपी विधायक को मुक्का मारा

बेंगलुरु । कर्नाटक डेवलप-मेंट प्रोग्राम (KDP) की मीटिंग में सोमवार को कांग्रेस एमएलसी भीमराव पाटिल और बीजेपी विधायक सिद्दू पाटिल के बीच मारपीट हुई। आरोप है कि भीमराव ने सिद्दू को मुक्का मारा। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला

## खिड़कियां टूटीं, पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी । अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। CNN ने सूत्रों के हवाले से बताया कि उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ।

जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**परिवार के साथ ओहियो में रहते हैं जेडी वेंस**

## सुप्रीम कोर्ट ने एक साल अपील करने पर रोक लगाई, 5 आरोपियों को बेल

# दिल्ली दंगा केस में उमर खालिद शरजील को नहीं मिली जमानत

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। हालांकि 5 अन्य आरोपियों को 12 शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उमर और शरजील एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते हैं। दरअसल, उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद दिल्ली दंगों के आरोप में 5 साल 3 महीने से तिहाड़ में हैं। इन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में उन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत जमानत देने से इनकार किया गया था।

>> (शेष पेज 06 पर)




### उमर खालिद ने कहा- अब जेल ही मेरी जिंदगी

उमर खालिद की साथी बानो ज्योत्सना लाहिरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बताया कि उमर ने उनसे बातचीत में कहा- जिन लोगों को जमानत मिली है, उनके लिए मैं बहुत खुश हूं। मुझे राहत है। अब तो जेल ही मेरी जिंदगी बन गई है। बानो ने यह भी लिखा कि जब उन्होंने उमर से कहा कि वह अगले दिन मुलाकात के लिए आएंगी, तो उमर ने जवाब दिया- ठीक है, आ जाना अब तो यही मेरी जिंदगी है।

### खालिद ने अब तक 6 बार जमानत याचिकाएं लगाईं, किसी में राहत नहीं

दिल्ली दंगा मामले में खालिद और शमीम समेत 7 आरोपियों को मई से सितंबर 2020 में गिरफ्तार किया गया। तब से ये सभी जेल में हैं। इन पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा के साथ-साथ गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अपराधों का आरोप लगाया गया है। खालिद ने जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिकाएं लगाईं। हर बार याचिका खारिज हो गईं।



## ममता का आरोप : चुनाव आयोग वॉट्सऐप पर चलाया जा रहा, बोलीं- मैं ट्रेंड वकील, खुद पैरवी करूंगी

# एसआईआर के दौरान मौतों के मामले में कोर्ट जाएंगे : ममता

तमसा संकेत, एजेंसी

सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) । पश्चिम बंगाल की CM मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिविजन (SIR) के दौरान हुई मौतों के मामले में कोर्ट जाएंगी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इसे लेकर अर्जी दायर की जाएगी। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग वॉट्सऐप पर चलाया जा रहा है। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में रैली में ममता ने दावा किया कि जब से SIR शुरू हुई है, डर के मारे करीब 70 लोगों की मौत हो चुकी है और कई अस्पताल में भर्ती हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### एसआईआर से 70 लोगों की मौत हो चुकी

ममता ने आरोप लगाया कि गंभीर रूप से बीमार लोगों को भी SIR के दौरान मतदान केंद्र पर वैधता साबित करने के लिए कतारों में खड़ा किया गया। दो महीनों में लगभग 70 लोगों की मौत हो चुकी है। क्या किसी का दिल नहीं दुखता? अगर आपकी 85 वर्षीय मां को एम्बुलेंस में घसीटा जाए, तो दिल्ली के नेता क्या जवाब देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्लास्टर लगे पैरों वाले लोगों, हाल ही में अस्पतालों से छुट्टी पाए लोगों और बुजुर्गों को सुनवाई में शामिल होने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या नाम हटाने का आदेश देने वालों के पास खुद के माता-पिता के प्रमाण पत्र हैं।

### 11 राज्यों का एसआईआर पूरा, फाइनल ड्राफ्ट रोल में 3.69 करोड़ वोटर्स हटे

देश में अब तक SIR प्रक्रिया के तहत 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट सूची जारी हो चुकी है। इसमें कुल 3.69 करोड़ वोटर्स के नाम हटे हैं। मध्यप्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 3.10 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं। पश्चिम बंगाल में 58.20 लाख, राजस्थान में 41.85 लाख, गोवा में 11.85 लाख, पुडुचेरी में 1.03 लाख, लक्षद्वीप में 1,616, तमिलनाडु में 97 लाख और गुजरात में 73 लाख वोटर्स के नाम कटे हैं।

# केजीएमयू लव जिहाद के आरोपी के मां-बाप अरेस्ट

## छात्रा का धर्मांतरण कराकर निकाह की रची थी साजिश

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ KGMU के लव जिहाद मामले में फरार आरोपी डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज मलिक पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। उसके मां-बाप को गिरफ्तार कर लिया है। मां-बाप पर पीड़ित लेडी डॉक्टर का धर्मांतरण कराकर निकाह कराने की साजिश रचने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक, 23 दिसंबर 2025 को पीड़िता, जो केजीएमयू में एमडी पैथोलॉजी की छात्रा है ने थाना चौक में प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके सीनियर डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक उर्फ रमीज ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में बिना उसकी सहमति के गर्भपात कराया गया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। शिकायत के आधार पर थाना चौक में मुकदमा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3/5 समेत तहत केस FIR हुआ।

>> (शेष पेज 06 पर)



**फरार डॉक्टर पर 50 हजार का इनाम**

### सीएचसीसी के 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश विधान सभा में सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की

# 'कनाडा से भी अधिक प्रभावशाली है यूपी विधान सभा की कार्यप्रणाली'

**सराहना**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। कैनेडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स (सीएचसीसी) के 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज उत्तर प्रदेश विधान सभा में माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि कार्य संस्कृति, तकनीकी नवाचार और विधायी दक्षता के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश विधान सभा कनाडा की कई विधायी संस्थाओं से भी अधिक प्रभावशाली, सशक्त और अनुकरणीय प्रतीत होती है।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल को विधान सभा परिसर का विस्तृत भ्रमण कराया गया, जिसमें सदन की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रियाओं तथा संस्थागत ढांचे से अवगत कराया गया।



प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी उत्तर प्रदेश सरकार एवं विधान सभा के साथ संवाद और सहयोग निरंतर जारी रहेगा, जिससे आर्थिक विकास, नवाचार और समावेशी प्रगति के साझा लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकेगा।

## उठाए गए विभिन्न कदमों की दी जानकारी

माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल को विधान सभा में लागू किए गए आधुनिकीकरण प्रयासों, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, ई-विधान प्रणाली तथा पारदर्शिता और सुशासन को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा लोकतांत्रिक मूल्यों को केंद्र में रखते हुए नवाचार और आधुनिक तकनीक को अपनाकर प्रभावी एवं उत्तरदायी विधायी भूमिका का निर्वहन कर रही है।

भ्रमण एवं संवाद के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश विधान सभा की सुव्यवस्थित कार्यसंस्कृति, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं, डिजिटल पहलों और पारदर्शी संचालन की मुक्त कंठ से सराहना की।

इस अवसर पर विधायन, सार्वजनिक नीति, निवेश-अनुकूल वातावरण, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और डिजिटल गवर्नेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार की प्रगतिशील नीतियों, पारदर्शी प्रशासन तथा दीर्घकालिक विकास दृष्टि की प्रशंसा करते हुए इसे निवेश और व्यापार के लिए अनुकूल बताया। सीएचसीसी प्रतिनिधिमंडल ने माननीय अध्यक्ष द्वारा प्रदान किए गए समय, मार्गदर्शन और खुले संवाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की संस्थागत सहभागिता भारत, विशेषकर उत्तर प्रदेश और कनाडा के बीच व्यापार, निवेश और नीतिगत सहयोग को नई दिशा देगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा श्री प्रदीप कुमार दुबे समेत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





सीएचसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष डॉ. अजय प्रकाश मिश्रा ने किया। 25 सदस्यीय कैनेडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स (सीएचसीसी) के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नरेश चावड़ा ने अध्यक्ष के रूप में किया। प्रतिनिधिमंडल में कुशाग्र दत्त शर्मा अध्यक्ष (प्रेसिडेंट), राकेश कांतारिया ट्रेड मिशन चेयर, अमित चौधरी सह-अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रूप में शामिल रहे। इसके अतिरिक्त फल्गुन भंडेरी, आनंद आचार्य एवं विपुल रबारी राष्ट्रीय निदेशक के रूप में प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे।

**फास्ट न्यूज**

### रोड एक्सीडेंट में घायल युवक का हाथ काटना पड़ा

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक का एक हाथ काटना पड़ा है। युवक की मां ने बंथरा थाने में ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुरुमपुर, बंथरा निवासी सावित्री देवी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा साहिल कुमार 25 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे अपनी खड़ी मोटरसाइ-किल के पास खड़ा था।

### लखनऊ में ज्वेलरी शॉप से दिनदहाड़े चोरी करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ । लखनऊ के जानकी-पुरम इलाके में ज्वेलर्स की दुकान से अंगूठी के 2 डिब्बे लेकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। सीसीटीवी की मदद से आरोपी को सोमवार सुबह पकड़ा गया।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया- जानकीपुरम इलाके में 60 फीट रोड स्थित पुरुषोत्तम प्रसाद की दुकान खुशी ज्वेलर्स में रविवार सुबह करीब 10:20 बजे एक युवक बाइक से ग्राहक बनकर पहुंचा। ज्वैलर्स से अंगूठी दिखाने को बोला।

### टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब बना चैंपियन

लखनऊ । लखनऊ में खेले गए आठवां हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब बना है। लखनऊ फॉल्कंस फुटबाल क्लब को 2-0 से हराकर टीम ने फाइनल मैच जीता है। दोनों टीमों के बीच में खेले गए मैच में लखनऊ फॉल्कंस फुटबाल क्लब की टीम ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन पूरे मैच के दौरान शानदार डिफेंस के दम पर टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने कोई गोल नहीं होने दिया।

# बैंक कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

## 5 डे वर्किंग की मांग, 27 जनवरी को देश भर में बैंक हड़ताल का ऐलान

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में सोमवार को बैंक कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। हजरतगंज स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रांगण में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले प्रदर्शन हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक कर्मियों ने केंद्र सरकार से 5 दिवसीय बैंकिंग लागू करने कि मांग की। इस दौरान इस मदहोश सरकार को एक झटका और दो के नारे लगाए। महामंत्री दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग लंबे समय से सप्ताह में 5 दिवसीय काम की मांग कर रहे हैं, मगर सुनवाई नहीं हो रही है। बैंककर्मियों पर बढ़ते तनाव और दबाव के चलते 5 दिवसीय बैंकिंग लागू होनी चाहिए। ऐसा न होने पर बैंक कर्मी लंबे संघर्ष और हड़ताल के लिए तैयार है।

मांगों को लेकर लगातार जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं, मगर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि आर.बी.आई., एल.आई.सी. और जनरल इंश्योरेंस में 5 दिवसीय कार्य प्रणाली लागू है ।



प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस ऑल इंडिया हड़ताल में सभी बैंक शामिल होंगे। आज डिजिटल पेमेंट की सुविधा है, जिसकी वजह से लोगों को बैंक आने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। 6 दिन काम करवा कर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिसकी वजह से कर्मचारियों का वर्क लाइफ बैलेंस बहुत डिस्टर्ब हो रहा है। उन्हें हफ्ते में 2 दिन राहत मिलेगी तो वह अपने परिवार के साथ समय गुजार सकते है। बैंक कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए 5 दिवसीय वर्किंग लागू करना अनिवार्य है।

**प्रदर्शन में शामिल अजय पाण्डेय ने कहा कि 5 दिवसीय बैंक कार्य की डिमांड हमारी पिछले 7 सालों से है । सरकार ने लिखित में यह कहा था कि हम लोग समझौते के बाद 5 डे वर्किंग लागू करेंगे मगर नहीं हुआ। जिसके बाद 27 जनवरी को देश भर में बैंक हड़ताल का निर्णय लिया गया है।**

### उप जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संबंधित लेखपाल को पद से हटा दिया गया

# छाता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील छाता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान छाता बार के अधिवक्ताओं द्वारा लेखपाल जगवीर प्रसाद के विरुद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता को तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संबंधित लेखपाल को पद से हटा दिया गया है। इसी क्रम में अधिवक्ताओं द्वारा एक जर्जर पानी की टंकी को गिराए जाने की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी छाता को निर्देशित किया कि प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुछ मीडिया कर्मियों द्वारा कोटेदार से संबंधित वीडियो प्रस्तुत करते हुए शिकायत की गई कि कोटेदार द्वारा लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरित किया जा रहा है। इस पर उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी एवं सप्लाई इंस्पेक्टर छाता को नोटिस जारी करते हुए संबंधित कोटेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील छाता में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 40 शिकायतें प्राप्त हुईं। तहसीलदार गोवर्धन सुशील गुप्ता ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुई है। उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया कि सदर तहसील में 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों का परीक्षण कर गुणवत्ता-पूर्ण निस्तारण किया जाएगा।



**सुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गई कि छाता क्षेत्र में अवैध रूप से मांस बिक्री की जा रही है। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी छाता तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को जांच कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

### आधी आबादी के स्वावलम्बन की सशक्त मिसाल बनीं दुग्ध वैल्यू चेन कम्पनियाँ

# मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों से ग्रामीण महिलाओं को मिली आर्थिक मजबूती

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों एवं सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर उन्हें सतत आजीविका से जोड़ा जा रहा है।

आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को कृषि एवं गैर-कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ते हुए 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न विभागीय योजनाओं के समन्वय से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं । ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में दुग्ध वैल्यू चेन के अंतर्गत गठित मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी इस दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। बलिनी ने न केवल महिलाओं को दुग्ध उत्पादन एवं विपणन से जोड़ा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर आधी आबादी के स्वावलम्बन की मिसाल कायम की है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी की स्थापना वर्ष 2019 में जनपद झांसी में की गई थी। कम्पनी का मुख्य उद्देश्य महिला दुग्ध उत्पादकों के हितों की रक्षा करना, पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से दुग्ध संग्रहण, समयबद्ध भुगतान, क्षमता निर्माण एवं पशुधन सहायता सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था, कृत्रिम गर्भाधान तथा गुणवत्तायुक्त पशु आहार जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।



**बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी द्वारा दुग्ध संग्रहण से लेकर भंडारण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया में बिचौलियों को समाप्त किया गया है, जिससे किसानों एवं महिला दुग्ध उत्पादकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।**

## 45,611 से अधिक महिलाएं लखपति श्रेणी में

वर्तमान में बुन्देलखण्ड के सातों जनपदों के 1351 ग्रामों से लगभग 90 हजार महिलाओं द्वारा प्रतिदिन 2.72 लाख लीटर से अधिक दुग्ध का संग्रह किया जा रहा है, जिसमें से लगभग 20 हजार महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। प्रदेश में दुग्ध वैल्यू चेन के अंतर्गत बलिनी, सामर्थ्य, काशी, बाबा गोरखनाथ एवं सृजनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों द्वारा 31 जनपदों के 5205 ग्रामों के 2.89 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों से प्रतिदिन 9.15 लाख लीटर से अधिक दुग्ध का संग्रह किया जा रहा है। इन कम्पनियों के माध्यम से अब तक 45,611 से अधिक महिलाएं लखपति श्रेणी में आ चुकी हैं।

### लखनऊ में ट्रंप के खिलाफ लगे नारे

लखनऊ । लखनऊ में वामपंथी दलों का विरोध प्रदर्शन परिवर्तन चौक से कलेक्ट्रेट तक वेनेजुएला के समर्थन में विरोध मार्च निकाला। हाथों में लाल झंडा और वेनेजुएला के समर्थन में प्ले कार्ड लेकर प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे 'तानाशाही हो बर्बाद डोनाल्ड ट्रंप मुर्दाबाद' के नारे लगाए।

प्रदर्शन में शामिल कम्युनिस्ट नेता रमेश सेंगर ने कहा कि अमेरिका और वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह तानाशाही कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वेनेजुएला पर हमला किया गया और वहां के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया ये बेहद शर्मनाक है। एक देश के मुखिया और प्रथम महिला नागरिक के साथ ऐसा व्यवहार किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य देह नहीं । है हम इस हमले की और डोनाल्ड ट्रंप की भरपूर निंदा करते हैं। साथ हि वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को रोकने और वहां के राष्ट्रपति को छोड़ने की मांग करते हैं ।

# आउटर रिंग रोड पर हादसे में युवक-2 भैंस की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा । लखनऊ के दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को आउटर रिंग रोड पर एक सड़क हादसा हुआ। एसएचएम अस्पताल के सामने आउटर सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार डिजायर कार बेकाबू हो गई। सड़क किनारे भैंस चरा रहे एक युवक और दो भैंस को रौंदते हुए पलट गई। हादसे में एक युवक और 2 भैंस की मौत हो गई।

हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आउटर रिंग रोड पर जाम लगा दिया। यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही काकोरी और दुबग्गा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया।

मृतक की पहचान काकोरी थाना क्षेत्र के बनिया खेड़ा निवासी 18 वर्षीय गोलू पुत्र लल्लन के रूप में हुई है। बताया गया कि गोलू प्रतिदिन की तरह एसएचएम अस्पताल के सामने सड़क किनारे भैंस चरा रहा था। तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू होकर उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और यातायात को सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।



**तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, गुस्साए परिजनों ने लखनऊ में सड़क जाम किया**

### सुनवाई : जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय, कांग्रेस नेता पर लगा है राष्ट्रद्रोह का आरोप

# राहुल गांधी के बयान पर लखनऊ कोर्ट में सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । राहुल गांधी के कथित विवादित बयान को लेकर लखनऊ की MP/MLA कोर्ट में चल रहे मामले की सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से वकालतनामा दाखिल किया गया।

राहुल के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 31 जनवरी 2026 तय की है। इससे पहले लखनऊ की MP/MLA कोर्ट ने 24 दिसम्बर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य को नोटिस जारी किया था। राहुल गांधी के एक बयान को लेकर हजरतगंज थाने में मामला दर्ज किया गया था।



मामला दर्ज कराने वाले वकील नृपेन्द्र पांडेय ने कोर्ट को बताया- 15 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस के नवनिर्मित मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन था। उस समय राहुल ने कहा था- "वी आर नाउ फाइटिंग द बीजेपी, द आरएसएस एंड द इंडियन स्टेट इटसेल्फ"। दावा है कि यह बयान भारत राष्ट्र और उसकी संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है, जिसे जानबूझकर और सोच-समझकर दिया गया है। राहुल के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का केस चलाने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा कि कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश ने राहुल गांधी के इस बयान का कोई विरोध या खंडन नहीं किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि बयान सामूहिक सहमति से दिया गया है।



यह तस्वीर वकील नृपेन्द्र पांडेय की है। उन्होंने राहुल गांधी पर देशद्रोह का आरोप लगाया है।

## देश को अस्थिर करने की साजिश

नृपेन्द्र पांडेय ने कोर्ट में दलील दी कि राहुल और उनके सहयोगी बार-बार संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर, युवाओं और आम जनता के मन में भ्रम और असंतोष फैलाने का काम कर रहे हैं। इससे देश को अस्थिर करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश की आशंका जताई गई है। लखनऊ के हजरतगंज थाने से जुड़े इस मामले की सुनवाई एसीजेएम तृतीय/एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को नोटिस जारी करते हुए 5 जनवरी 2026 को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई में कोर्ट यह तय करेगी कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई किस दिशा में बढ़ेगी।

## 'इंडियन स्टेट' की व्याख्या को बनाया आधार

कोर्ट में 'इंडियन स्टेट' की व्याख्या करते हुए कहा गया कि इसका अर्थ केवल सत्ताधारी दल नहीं, बल्कि भारत की संसद, न्यायपालिका, कार्यपालिका और समूची संवैधानिक व्यवस्था से है। ऐसे में 'इंडियन स्टेट' के खिलाफ लड़ने की बात करना भारत राष्ट्र, उसकी एकता और अखंडता के विरुद्ध है। यह राष्ट्रद्रोह के दायरे में आता है।

# नगरपालिका की सुस्ती से राहगीर परेशान

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । पूरा जनपद का क्षेत्र इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में है। बीते तीन दिनों से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड महसूस की गई, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। सुबह में आसमान साफ रहा और कोहरा नहीं दिखा, लेकिन बर्फीली हवाओं के कारण गलन बढ़ गई है। आज का न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरा न होने के बावजूद गलन अधिक होने से लोग घरों में ही रहे। सुबह के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस भीषण ठंड के बीच स्थानीय प्रशासन और नगरपालिका की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। बात करते हैं तहसील कालोनी के सामनें मुख्य रास्ते के आसपास स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने जानकारी एक शिकायत में साझा की है कि आज भी रविवार सुबह नगरपालिका ने डीएम आवास सामने लोगों की अक्सर चहल पहल रहती तथा अन्य कई सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था अपर्याप्त थी या वे केवल औपचारिकता मात्र थे। ऐसा माना जाता कि अलाव व्यवस्था पर प्रश्न अक्सर प्रशासनिक तैयारियों, जन-सुविधा, और कार्यान्वयन में कमी से जुड़े होते हैं, जैसे कि ठंड में अलाव की जगहें तय करना, पर्याप्त लकड़ी की व्यवस्था करना, कागजों पर अलाव दिखाना आदि । जहाँ लोग अक्सर ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही पर सोचते हैं । प्रश्न ! ठंड इतनी है, फिर भी अलाव क्यों नहीं जल रहे ? जबकि बेजुबान जानवरों को भी ठंड लगती है, उनके लिए क्या व्यवस्था है ? समय के गर्भ में कब प्रशासन ध्यान देता हैं ?



## तीन दिन तक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम

# 18-20 जनवरी तक तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव का आयोजन

**जानकारी**

- पद्मश्री अनूप जलोटा और कुमार विश्वास होंगे आकर्षण।
- जनकल्याण और सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी।

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के पौराणिक तीर्थ स्थल श्रवण धाम में 18 से 20 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और व्यापक स्वरूप देने की तैयारियां प्रशासन स्तर पर तेज कर दी गई हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट




सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने महोत्सव की रूपरेखा और प्रमुख आकर्षणों की जानकारी दी। महोत्सव के प्रमुख आकर्षणों में सुप्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा की भजन संध्या शामिल है। उनके भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से जोड़ने की योजना है। देशभर से आमंत्रित कवि राष्ट्रप्रेरक और ओजस्वी रचनाओं का पाठ करेंगे। श्रवण धाम महोत्सव परिसर को आधुनिक तकनीक से सजाया जाएगा। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रवण धाम से जुड़ी पौराणिक कथाओं और सांस्कृतिक महत्व को प्रकाश और ध्वनि के संयोजन से प्रस्तुत किया जाएगा। यह आकर्षण विशेष रूप से युवाओं और पर्यटकों के लिए केंद्र बिंदु रहेगा।

### कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता, महोत्सव की औपचारिक घोषणा

प्रेस वार्ता में बताया गया कि श्रवण धाम महोत्सव–2026 जनपद की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह आयोजन धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोककला, साहित्य और सामाजिक सहभागिता का साझा मंच बनेगा। अधिकारियों ने कहा कि महोत्सव के माध्यम से जनपद की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

### रामलीला और लोकसंस्कृति की प्रस्तुतियां

महोत्सव में लखनऊ के कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला के माध्यम से मर्यादा, आदर्श और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को मंच पर सजीव किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से आए कलाकार लोकनृत्य और लोकगीत प्रस्तुत करेंगे। जनपद के स्थानीय कलाकारों और विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी मंच दिया जाएगा, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

### तीन दिन चलेगा आयोजन, विविध कार्यक्रम शामिल

महोत्सव 18 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित होगा। इन तीन दिनों में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला चलेगी। कार्यक्रमों की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। श्रद्धालुओं के साथ-साथ साहित्य प्रेमी, युवा, महिलाएं और कलाकार इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे।

# पुलिस प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर सघन मॉनिटरिंग

### अपर पुलिस अधीक्षक श्याम देव ने सीसीटीवी से आरटीसी प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता को लेकर सोमवार को सघन मॉनिटरिंग की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्याम देव ने पुलिस लाइन अम्बेडकरनगर में संचालित आरटीसी अंतःकक्षीय प्रशिक्षण की सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान प्रशिक्षण से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। मॉनिटरिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) ने प्रशिक्षण सत्रों की नियमितता, प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति और अनुशासन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि निर्धारित समय सारिणी के



अनुसार कक्षाएं संचालित हो रही हैं या नहीं। प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता और कक्षाओं में अनुशासन को भी विशेष रूप से परखा गया। आरटीसी अंतःकक्षीय प्रशिक्षण में उपयोग की जा रही अध्ययन सामग्री, पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण पद्धति की भी समीक्षा की गई। यह देखा गया कि प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्री अद्यतन और उपयोगी है या नहीं। साथ ही कक्षा संचालन, संसाधनों की उपलब्धता और प्रशिक्षकों की भूमिका का भी आकलन किया गया। मॉनिटरिंग के बाद अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) ने संबंधित अधिकारियों और प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और उद्देश्यपूर्ण बनाया जाए, ताकि पुलिसकर्मी अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। आरटीसी अंतःकक्षीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों के व्यावसायिक कौशल, अनुशासन और कार्यकुशलता में निरंतर वृद्धि करना है।

**फास्ट न्यूज़**

### तीन दिन से लापता युवक का शव पेड़ से संदिग्ध हालात में बरामद

अम्बेडकरनगर। मालीपुर के धवरूवा बाजार स्थित सरकारी बस्ती में तीन दिन से लापता युवक का शव रविवार को घर से कुछ दूरी पर पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका पाया गया। मृतक की गले में फंदे के बजाय एक साड़ी और दूसरा गमछा लगा हुआ था। शव मिलने की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

### दबंगों का खूनी खेल: युवक को बेरहमी से पीटा और पेड़ से बांध दिया

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र में दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। कुछ लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा और फिर उसे पेड़ से बांध दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। पीड़ित युवक ने थाना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक मानवेंद्र प्रताप सिंह उकरा निवासी हैं। मानवेंद्र ने बताया कि 4 दिसंबर की रात वह चंदैनी के पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने गया था।

### जलालपुर सीएचसी में संविदा कर्मचारियों का वेतन बकाया

अम्बेडकरनगर। जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। लगातार भुगतान में देरी से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तीन कार्य दिवस के भीतर बकाया वेतन नहीं मिला, तो वे सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# दीपक शुक्ला बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। संगठन विस्तार की दिशा में अहम नियुक्ति अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीपक शुक्ला को अंबेडकरनगर जिला इकाई का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की जानकारी सामने आते ही जिले के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हलचल देखी गई। स्थानीय नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दीपक शुक्ला को बधाइयां देना शुरू कर दिया। नियुक्ति के बाद जलालपुर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर के नेतृत्व में दीपक शुक्ला का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मिष्ठान



वितरण कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र, केशव श्रीवास्तव, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, नगर महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्त, आनंद मिश्र, नगर उपाध्यक्ष अरुण मिश्र, दीपचंद सोनी, पिमो नगर अध्यक्ष सोनू गौड और मीडिया प्रभारी विकास निषाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में दीपक शुक्ला को नई जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है।

## दीपक की विस्फोटक पारी और लोकेश की शानदार गेंदबाजी ने तय की मैच की दिशा, टूर्नामेंट रोमांचक मोड़ पर पहुँचा

# बलिया ने लखनऊ को 107 रनों से हराकर दिखाया दमदार खेल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन खेले गए मुकाबले में बलिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ को 107 रनों से पराजित कर दिया। एकतरफा रहे इस मुकाबले में बलिया ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में दमदार खेल दिखाया। लखनऊ की ओर से अंकित ने 16, अमन ने 15 और आशुतोष ने 14 रन बनाए, लेकिन कोई भी बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल सका।बलिया के गेंदबाजों का दबदबा बलिया की गेंदबाजी इस मुकाबले की सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। लोकेश ने चार विकेट



लेकर लखनऊ की कमर तोड़ दी। अमन ने दो विकेट झटके, जबकि दीपक, अंकित और सुशांत ने एक-एक विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मैच में अंपायर की जिम्मेदारी आनंद सिंह और शशि भूषण पाण्डेय ने निभाई। दोनों अंपायर पूरे मैच के दौरान मैदान पर सक्रिय रहे। कमेंट्री बॉक्स से अजय श्रीवास्तव और डॉ. सैयद मोहम्मद बाकिर ने सटीक और रोचक कमेंट्री के जरिए दर्शकों को मैच की हर स्थिति से अवगत कराया।

**बलिया की ओर से दीपक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 75 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए और लखनऊ के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। अभय ने 32, आयुष ने 21 और आदित्य ने 19 रनों का योगदान देकर टीम के स्कोर को मजबूत आधार दिया। लखनऊ की ओर से आशुतोष सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने तीन विकेट हासिल किए।**

### टॉस जीतकर बलिया ने खड़ा किया मजबूत स्कोर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बलिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 201 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बलिया की शुरुआत संतुलित रही और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने रन गति को तेज किया।

### लक्ष्य का पीछा करते हुए बिखरी लखनऊ की पारी

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। बलिया के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए लखनऊ के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। पूरी टीम 13.5 ओवर में 94 रन पर सिमट गई।

### मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से किया परिचय

मैच के मुख्य अतिथि विकास पटेल उर्फ दीपू रहे, जिन्होंने मैदान पर पहुंचकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इससे पूर्व उन्होंने स्वर्गीय सूर्यपाल वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। टीम के 11वें नंबर के बल्लेबाज चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं उतर सके, जिससे लखनऊ की स्थिति और कमजोर हो गई।

## सुरक्षा के नाम पर बांस-बल्ली लगाई गई, चार दशक पुराने कुएं का जीर्णोद्धार न होने से जनसुरक्षा खतरे में

# जर्जर कुआं बना राहगीरों और बच्चों के लिए खतरा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। हजपुरा गांव में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल विकास खंड जलालपुर के हजपुरा गांव के बीच से गुजरने वाले खड़ंजे के किनारे स्थित एक पुराना कुआं इन दिनों ग्रामीणों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। गांव निवासी शिव मूरत विश्वकर्मा के घर के सामने स्थित यह कुआं झाड़ियों और जंगलनुमा घास से पूरी तरह घिर चुका है। कुएं की पहचान दूर से मुश्किल हो गई है, जिससे खासकर रात के समय हादसे की आशंका लगातार बनी रहती है। कुएं की सुरक्षा के लिए केवल बांस और बल्ली लगाकर घेराव किया गया है, जिसे



ग्रामीण अस्थायी और नाकाफी मान रहे हैं। न तो मजबूत रेलिंग है और न ही चेतावनी संकेत। बारिश के मौसम में झाड़ियां और फैल जाती हैं, जिससे कुआं पूरी तरह छिप जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह व्यवस्था किसी भी दृष्टि से सुरक्षित नहीं कही जा सकती। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल सुविधा का नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनसुरक्षा से जुड़ा हुआ है।

> *"ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व ग्राम प्रधान राम सरन राजभर द्वारा कुएं के जीर्णोद्धार के नाम पर करीब 86 हजार रुपये की धनराशि निकाली गई, लेकिन मौके पर किसी भी तरह का कार्य नहीं कराया गया। कुआं आज भी उसी जर्जर स्थिति में है। ग्रामीणों के अनुसार इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से लिखित और मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।*

### बच्चों की सुरक्षा पर भी संकट

कुएं के आसपास कई घर स्थित हैं। दिन के समय बच्चे इसी रास्ते पर खेलते रहते हैं। झाड़ियों के कारण कुआं उनकी नजर से ओझल रहता है, जिससे अनहोनी की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है ग्रामीणों ने बताया कि करीब चार दशक पहले जिन घरों के सामने कुआं होता था, उन्हें सामाजिक रूप से सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

ग्रामीण कैलाश नाथ मिश्रा, त्रिपुरारी मिश्रा, राम मूरत विश्वकर्मा, गंगाराम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने खंड विकास अधिकारी जलालपुर से मांग की है कि इस कुएं का तत्काल जीर्णोद्धार कराया जाए या फिर इसे सुरक्षित ढंग से ढंकवाया जाए।

### व्यस्त रास्ते पर बना जोखिम

यह खड़ंजा गांव का प्रमुख मार्ग है, जहां दिन के साथ-साथ देर रात तक आवाजाही बनी रहती है। रात के अंधेरे में झाड़ियों से ढका कुआं राहगीरों को दिखाई नहीं देता। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई दोपहिया या पैदल यात्री संतुलन खो दे तो सीधे कुएं में गिरने का खतरा है। लेकिन ग्रामीण इसे महज संयोग मानते हैं। कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# बेवाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह वारंटी अभियुक्त एक साथ गिरफ्तार

### घर-घर दबिश देकर वर्षों से फरार आरोपियों को पकड़ा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान के तहत थाना बेवाना पुलिस ने एक साथ छह वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने विभिन्न पुराने आपराधिक मामलों में जारी गैर-जमानतीय वारंटों के आधार पर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और अदालत में पेश नहीं हो रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जनपद में फरार और वारंटी अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बेवाना पुलिस को छह ऐसे आरोपियों की सूची मिली, जिनके खिलाफ लंबे समय से गैर-जमानतीय वारंट लंबित थे। प्रभारी निरीक्षक सर्वदमन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर सुनियोजित ढंग से दबिश दी गई। पुलिस टीम ने



संगिया नारायनपुर, रामपुर जयसिंह और ग्राम मानिकपुर समेत कई गांवों में एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अभियुक्तों को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय रखी गई, जिससे किसी भी आरोपी को भागने का मौका नहीं मिल सका। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में लल्लू उर्फ उत्तम कुमार दूबे और उनकी पत्नी सुरजा देवी निवासी संगिया नारायनपुर शामिल हैं। इसके अलावा चंदराम मौर्या, उनके पुत्र दिलीप मौर्या और दिलीप की पत्नी रजनी निवासी रामपुर जयसिंह को गिरफ्तार किया गया।

## सफलता : फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बोलेरो बरामद, सुल्तानपुर और वाराणसी के आरोपी शामिल

# इब्राहिमपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पांच अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत इब्राहिमपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक महिंद्रा बोलेरो वाहन बरामद की गई है, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इब्राहिमपुर थाने पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) और



3(5) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और पूर्व में की गई वाहन चोरियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि बरामद बोलेरो किस स्थान से चोरी की गई थी और क्या इसका इस्तेमाल किसी अन्य आपराधिक घटना में किया गया है। इब्राहिमपुर पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### गश्त के दौरान मिली सफलता

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपराध नियंत्रण को लेकर चल रहे विशेष अभियान के तहत 4 जनवरी 2026 को इब्राहिमपुर थाना पुलिस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना और सतर्कता के आधार पर पुलिस ने एक बोलेरो वाहन को रोका। जांच में वाहन चोरी का निकला और उस पर लगी नंबर प्लेट फर्जी पाई गई।

### अंतरजनपदीय गिरोह का खुलासा

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी एक संगठित अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह से जुड़े हैं, जो विभिन्न जनपदों से वाहन चोरी कर उन्हें फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल या बिक्री करते थे। आरोपियों की गतिविधियां अम्बेडकरनगर के अलावा सुल्तानपुर और वाराणसी जनपदों तक फैली हुई थीं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शैलेश निवासी नरायणपुर थाना करौंदी जनपद सुल्तानपुर (उम्र 25 वर्ष), गोलू निवासी मगरसन कलां, मेवपुर थाना करौंदी जनपद सुल्तानपुर (उम्र 22 वर्ष), शेखर निवासी कसईपुर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर (उम्र 23 वर्ष), दयाशंकर निवासी पूरे कछवां रोड थाना मिर्जा मुराद जनपद वाराणसी (उम्र 48 वर्ष) और संतोष निवासी नरायणपुर थाना करौंदी जनपद सुल्तानपुर (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है।

### चोरी की बोलेरो और फर्जी नंबर प्लेट बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो बरामद की है। वाहन का चेसिस नंबर MA1XB2GHKE3E34717 और इंजन नंबर GHE4E57678 है।

# जलालपुर नगर पालिका में भ्रष्टाचार का आरोप, भाजपा नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

### गुणवत्ता समझौता और टेंडर में अनियमितताओं की शिकायत की

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर भाजपा नगर इकाई के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बुधवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपने और बिंदुवार चर्चा करने का प्रयास किया, लेकिन वार्ता के दौरान अधिशासी अधिकारी के अचानक उठकर चले जाने से मामला और गरमा गया। इस घटनाक्रम से नाराज नेताओं ने नगर पालिका में व्याप्त अनियमितताओं को गंभीर बताया। विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि कृष्ण गोपाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में लगभग 40 प्रतिशत तक कमीशन लेकर काम कराया जा रहा



है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है और मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं हो रहा। कई स्थानों पर बिना आईएसआई मार्का की सीमेंट ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। नेताओं का आरोप है कि इंटरलॉकिंग कार्यों में प्रति ईंट लगभग दो रुपये अतिरिक्त कमीशन लिया जा रहा है। इस प्रक्रिया में लाखों रुपये की घूस की वसूली होने की चर्चा है। आरोप लगाया गया कि गुणवत्ता नियंत्रण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। ज्ञापन में गृहकर सर्वे से जुड़े टेंडर को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए। बताया गया कि पूर्व में सर्वे कार्य के लिए चयनित कंपनी को करीब दो लाख इकतीस हजार रुपये का भुगतान किया जाना था, लेकिन इसके बावजूद नई सॉफ्टवेयर प्रदाता कंपनी को टेंडर दे दिया गया।

### वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में दिया गया ज्ञापन

ज्ञापन देने के दौरान वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद श्रीवास्तव, संजीव कुमार मिश्र, नगर महामंत्री आनंद मिश्र, नगर उपाध्यक्ष अरुण मिश्र और दीपचंद सोनी मौजूद रहे। नेताओं ने नगर पालिका के विभिन्न विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों और प्रशासनिक फैसलों पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है।

# सम्पादकीय

## पेयजल की गुणवत्ता पर उठते रहे हैं सवाल



इंदौर के बाद बेंगलुरु और गांधीनगर में भी दूषित पेयजल की आपूर्ति की खबरों से कोई आश्चर्य नहीं। वास्तव में अपने देश में अधिकांश इलाकों में पेयजल की गुणवत्ता ठीक नहीं। ऐसा कई शोध-सर्वेक्षणों में भी सामने आता रहता है, लेकिन नगर निगमों के अधिकारी-कर्मचारी और राज्य सरकारें इस समस्या पर तब तक नहीं चेततीं, जब तक कि वैसी कोई घटना नहीं घट जाती जैसी इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में हुई और जहां 16 लोगों की जान चली गई एवं सैकड़ों लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए।

इतनी बड़ी त्रासदी के बाद पहले दो अधिकारियों को निलंबित किया गया था। फिर जब मरने वालों की संख्या बढ़ी तो कुछ अन्य शीर्ष अधिकारियों पर भी गाज गिरी, लेकिन कुल मिलाकर मामला निलंबन तक ही सीमित रहा। इसे कोई ऐसी कार्रवाई नहीं कहा जा सकता, जो नजीर बन सके। सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर की घटना यह भी बताती है कि सरकारी तंत्र मूलभूत बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता की किस तरह अनदेखी करता है।

इस अनदेखी में पार्षद से लेकर विधायक, सांसद और मंत्री तक भी शामिल रहते हैं। जिस तरह नगर निकायों के अधिकारी बिजली, पानी, सफाई से जुड़ी सुविधाओं का स्तर सुधारने को प्राथमिकता नहीं देते, उसी तरह नगर निकायों के संबंधित कर्मचारी और अधिकारी भी।

इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता कि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता में सुधार इसलिए नहीं हो पाता, क्योंकि उसकी जांच-परख का काम ईमानदारी से नहीं होता। इसका दुष्परिणाम केवल यह नहीं है कि अपने देश में करोड़ों लोग दूषित पानी पीने को विवश हैं, बल्कि यह भी है कि बहुत से लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है अथवा पानी को स्वच्छ करने के लिए किस्म-किस्म के उपकरणों का सहारा लेना पड़ता है। शहरी इलाकों में दूषित पेयजल की आपूर्ति का एक बड़ा कारण यह है कि अनियोजित कालोनियों को रह-रहकर नियमित तो किया जाता रहता है, लेकिन उनमें नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान नहीं दिया जाता। जनप्रतिनिधियों की निगाह केवल लोगों के वोट हासिल करने पर होती है। इंदौर का भागीरथपुरा इलाका एक अनियोजित कालोनी ही है। वोट बैंक की राजनीति के चलते इस अनियोजित कॉलोनी को नियोजित तो कर दिया गया, लेकिन इसकी परवाह नहीं की गई कि यहां सीवर लाइन और पाइप-लाइन बिछाने का काम सही ढंग से कैसे होगा? यदि इस पर तनिक भी ध्यान दिया गया होता तो सीवेज को पेयजल वाली पाइपलाइन में मिलने से रोका जा सकता था। अच्छा यह होगा कि इंदौर की घटना से मध्य प्रदेश सरकार ही नहीं, देश भर की सरकारें सबक सीखें।

# पेयजल पाइपलाइनों के रखरखाव में लापरवाही को माना जाए अपराध

"संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत 'जीवन के अधिकार' की न्यायिक व्याख्या में बार बार साफ पानी और स्वच्छ पर्यावरण को शामिल किया गया है। इसका मतलब है कि सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है।



पेयजल पाइपलाइनों की उपेक्षा किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है, यह मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में दूषित जल से हुई मौतों से साफ हो जाता है। इंदौर में नलों से घरों तक पहुंचे दूषित जल के सेवन से अनेक लोगों में उल्टी दस्त, तेज बुखार, पेट दर्द और निर्जलीकरण जैसे लक्षण दिखाई देने लगे। स्थानीय अस्पतालों में डायरिया और गैस्ट्रोएंटेराइटिस के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई। बच्चों और बुजुर्गों की हालत तेजी से बिगड़ी। मौतें भी हुईं, हालांकि ऐसे मामलों में जैसा अक्सर होता है मौतों के सरकारी आंकड़ों और मीडिया के आंकड़ों में काफी अंतर है। इस घटना ने यह मिथक तोड़ दिया कि "स्मार्ट सिटी" या बड़े महानगरों में पेयजल की सुरक्षा अपने आप सुनिश्चित हो जाती है। देश के बड़े हिस्से में पेयजल वितरण नेटवर्क दशकों पुराना है। पाइपलाइनों में जंग लगा हुआ है और कई क्षतिग्रस्त हैं। जहां पेयजल पाइपलाइनें सीवर लाइन, नालियों या ड्रेनेज के समानांतर और काफी नजदीक बिछी हैं, वहां पाइप के क्षतिग्रस्त होते ही सीवर का गंदा पानी पेयजल लाइन में घुस जाता है। पेयजल पाइपलाइनें जीवनरेखा की तरह होती हैं लेकिन इनकी देखरेख की उपेक्षा के कारण लोग बीमार ही नहीं हो रहे, मौत के आगोश में भी समा रहे हैं। कई शहरों में सड़कें खोदी जाती हैं। इस दौरान पेयजल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। असली समस्या यह है कि इन क्षतिग्रस्त हिस्सों की समय पर पहचान नहीं की जाती। लीकेज का पता चल भी जाए तो उसे सही तरीके से ठीक नहीं किया जाता, बल्कि अक्सर 'जुगाड़' से काम चला लिया जाता है।

सामान्यतः यह माना जाता है कि सरकारी नल से आने वाला पानी किसी न किसी स्तर पर फिल्टर या ट्रीट किया गया होगा, इसलिए सुरक्षित है। असलियत यह है कि उपेक्षित पाइपलाइनें दूषित जल घरों तक पहुंचा देती हैं। बाहर की गंदगी, सीवर का पानी पाइप-लाइनों में चला जाता है। बारिश के मौसम में पानी भरने, सीवर ओवरफ्लो और नालों के उफान के दौरान यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। नलों से आने वाला ऐसा दूषित पानी दिखने सूंघने में कभी कभी सामान्य लगता है लेकिन उसमें डायरिया, टाइफाइड, हैजा, हेपेटाइटिस जैसे रोगों के कीटाणु मौजूद हो सकते हैं। कई परिवार इसी पानी को पीते हैं और भोजन बनाते हैं, जिससे उनका जीवन खतरे में पड़ जाता है।

पेयजल लाइनों की देखरेख गवर्नेंस का मुद्दा है। ज्यादातर नगर निगमों और जल बोर्डों के पास न तो पाइपलाइन नेटवर्क का अद्यतन मानचित्र है और न ही नियमित सर्वे की व्यवस्था। लीकेज या दूषित पानी की शिकायतें अक्सर महीनों तक लंबित रहती हैं; फील्ड स्टाफ केवल सतही मरम्मत कर लौट जाता है। इंदौर में भी यही हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि हेल्पलाइन पर 15 अक्टूबर को ही भागीरथपुरा में गंदे पानी की सप्लाई की पहली शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद फिर किसी ने शिकायत की और कहा कि पानी में गंदगी के साथ तेजाब भी है। 18 दिसंबर को भी पानी से बदबू आने की शिकायत दर्ज कराई गई। इन शिकायतों पर समय रहते ध्यान ही नहीं दिया गया। दस दिन भागीरथपुरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ गए। 29 दिसंबर को जब मौतों की खबरें आने लगीं, तब प्रशासन की नींद खुली।

दिक्कत यह है कि कई शहरों में जल की गुणवत्ता की जांच के लिए लैब तो हैं, लेकिन नमूने नियमित अंतराल पर नहीं लिए जाते। परीक्षण रिपोर्टें सार्वजनिक नहीं होतीं जिससे नागरिकों को अपने क्षेत्र के पानी की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति के बारे में पता ही नहीं चलता। कई बार विकास कार्यों और ठेकेदारों के दबाव में बिना समन्वय के खुदाई होती है और पाइप-लाइन टूटने से होने वाले रिसाव का खर्च और जोखिम अंततः जनता को भुगतना पड़ता है।

इसके बावजूद पेयजल की गुणवत्ता के मानकों का उल्लंघन होने पर शायद ही कभी नगर निकायों या अफसरों पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय होती है। नागरिकों की शिकायतों को अक्सर "तकनीकी दिक्कत" कहकर टाला जाता है। अदालतों ने अनेक मामलों में दूषित जल को मूल अधिकार के हनन के रूप में माना है लेकिन जमीनी स्तर पर इन निर्णयों को प्रशासनिक सुधारों में बदलने की रफ्तार बेहद धीमी है। दूषित पेयजल का असर केवल कुछ दिनों के दस्त या बुखार तक सीमित नहीं रहता। बच्चों में लगातार संक्रमण से कुपोषण, बीमारी और लंबी उम्र तक कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता जैसे प्रभाव पड़ते हैं। बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं में निर्जलीकरण, गुर्दे की समस्या और रक्तचाप में अस्थिरता जैसे खतरे बढ़ जाते हैं। जहां रसायन प्रदूषण (जैसे फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट आदि) की भी समस्या है, वहां हड्डियों की बीमारी, दांतों की क्षति, त्वचा रोग, कैंसर और तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव जैसे गंभीर दुष्परिणाम सामने आते हैं।

इस संकट से निपटने के लिए मौजूदा पाइपलाइन नेटवर्क की सुनियोजित निगरानी और मरम्मत जरूरी है। जहां जरूरत हो, वहां पाइपलाइनों को बदलना आवश्यक है। हर शहर और कस्बे में पेयजल पाइपलाइन का डिजिटल मानचित्र तैयार हो, जिसमें पाइपलाइन डालने का वर्ष, सामग्री, रिसाव के पुराने बिंदु और जोखिम क्षेत्रों की जानकारी दर्ज हो। जर्जर और सीवर के समानांतर चल रही लाइनों को प्राथमिकता से बदलने की योजना बनाई जाए।

हर वार्ड या मोहल्ले से निश्चित अंतराल पर जल नमूने लेकर बैक्टीरिया, रसायन और गंध—रंग आदि की जांच अनिवार्य की जाए। रिपोर्टें ऑनलाइन पोर्टल और नोटिस बोर्डों पर सार्वजनिक हों। लीकेज या दूषित पानी की शिकायतों के समाधान के लिए निश्चित समय सीमा तय हो। देरी पर जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार पर दंड का प्रावधान हो। जहां जहां पाइपलाइन टूटने या दूषित जल से बीमारी या मौत होती है, वहां मुआवजे के साथ साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नई सड़क, मेट्रो, केबल या सीवर परियोजनाओं से पहले जल विभाग की पूर्वानुमति और तकनीकी निगरानी अनिवार्य हो ताकि खुदाई से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हों। जल, सीवर, सॉलिड वेस्ट और सड़क विकास विभागों के बीच साझा प्लानिंग और डेटा शेयरिंग की व्यवस्था पर ध्यान देना आवश्यक है।

**ज्ञान चंद पाटनी**

## छिन्न-भिन्न होती विश्व व्यवस्था

आज अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। कई देश खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहे। देश अब अपने हितों के लिए अकेले फैसले ले रहे हैं। दुनिया में युद्ध और हिंसा बढ़ गई है। जो देश नियम आधारित विश्व व्यवस्था की दुहाई देते थे आज वे ही वैश्विक व्यवस्था के लिए संकट बनते जा रहे हैं।

नियम आधारित विश्व व्यवस्था का मूल उद्देश्य संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा, विवादों का शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन जैसी प्रमुख बातें थीं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं-संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, विश्व व्यापार संगठन और बहुपक्षीय संधियां इसी व्यवस्था का मजबूत स्तंभ थीं, परंतु आज स्थिति यह है कि नियमों का पालन केवल तब किया जाता है, जब वे शक्तिशाली देशों के हितों के अनुकूल हों। जहां हित टकराते हैं, वहां नियमों की व्याख्या बदल जाती है या उन्हें अनदेखा कर दिया जाता है। वेनेजुएला और ईरान की घटनाएं दर्शाती हैं कि किस प्रकार आर्थिक प्रतिबंध तथा बाहरी शक्तियों का खुला हस्तक्षेप आज अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक घातक हथियार बन चुका है। वेनेजुएला के मामले में आंतरिक राजनीतिक संकट और लोकतंत्र की दुहाई देते हुए बाहरी शक्तियों ने न केवल खुला राजनीतिक हस्तक्षेप किया है, बल्कि सत्ता परिवर्तन को प्रोत्साहित करने की नीति भी अपनाई। सरकार की वैधता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चुनौती दी गई, समानांतर सत्ता संरचनाओं को मान्यता दी गई और तेल, वित्तीय लेन-देन तथा विदेशी निवेश पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए।

**डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव**

## वर्तमान भारतवर्ष के पड़ोसी...

डॉ. नीरज भारद्वाज

# बंगलादेश में अकारण हिंदुओं की हत्या

21वीं सदी विश्व के एकीकरण की बात कर रही है। यह विश्व का एकीकरण मानवता से दूर केवल व्यापार और राजनीतिक हानि-लाभ पर टिका ज्यादा लगता है। व्यापार में शुद्ध व्यापार होता है और वहां कोई किसी का सगा नहीं। विचार करें तो आज व्यापार की दृष्टि से ही लोगों का व्यवहार भी बना हुआ है। जहां लाभ है, वहां प्रेम ज्यादा दिखाई देता है और जहां हानि है, उससे दूरी बना ली जाती है। रिश्तों में भी कुछ अब ऐसा ही दिखाई देने लगा है। परिवार से लेकर देश-विदेश तक यह सभी रिश्तों में यह बातें हमारे सामने उभर कर आ रही हैं।

विचार करें तो प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध उपनिवेशों पर विजय प्राप्त करने, उन्हें आपस में बांटकर, उन पर अपना शासन करने को लेकर हुआ। शासन करने वाले देश अपने लाभ के लिए संधियाँ करते रहें। कच्चा माल वे देश देंगे जिन पर शासन हुआ है अर्थात गुलाम देश, उस वस्तु पर लाभ अर्थात मलाई वे देश खायेंगे जो शासन कर रहे हैं। गुलाम देश की जनता को अपने हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया जाता था। व्यापार की दृष्टि से आई कंपनियों ने व्यापार के साथ-साथ फिर राजनीतिक हस्तक्षेप कर सारी हदें ही पार कर दी। लोगों को कभी भी किसी भी जुर्म में अंदर कर देना, उन्हें मार देना,




उन्हें फांसी पर लटका देना, वहां कभी भी किसी भी समय गोली चला देना, लाठीचार्ज कर देना, आम बात लगती थी। यह सभी बातें अंग्रेजों की शासन व्यवस्था में रही।

दूसरी ओर दृष्टि डालें तो मुस्लिम राज व्यवस्था भी ऐसी ही थी। उन्होंने लूटमार कर मंदिरों को तोड़ा, वहां से सोना-चांदी लूटा, औरतों की इज्जत को तार-तार किया, बंदी बनाकर लोगों को जेल में डाल दिया, यह सब सामान्य बात थी। एक दूसरे के रक्त के प्यासे मुस्लिम साम्राज्य में रिश्तों का कत्ल करके सत्ता का रास्ता हाथ लगा। इन दोनों ही प्रकार की राजसत्ताओं ने भारत पर राज किया। हमें आर्थिक रूप से कमजोर किया, हमारी संस्कृति, समाज और व्यवस्था को पूर्ण रूप से भंग करने का यहां भरसक प्रयास किया गया। इन दोनों ही प्रकार के शासनकारों ने भारतवर्ष में अपनी-अपनी दृष्टि से अपना-अपना लाभ कमाया।

इन दोनों ही प्रकार के शासनकारों ने देश में अपने-अपने धर्म का प्रचार प्रसार करने का प्रयास किया। तलवार और बंदूक के बल पर लोगों को अपने धर्म का अनुनायी बना लिया। लोगों का तेज गति से धर्म परिवर्तन किया गया। मुस्लिम शासन के समय हिंदुओं पर जजिया नाम का कर भी लगा दिया गया था। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने तो मुस्लिम धर्म को सरलता से ही स्वीकार कर लिया क्योंकि जब खाने को ही नहीं है तो वह कर के रूप में पैसा कैसे देते। अंग्रेजों ने भी कुछ ऐसे ही किया और जगह-जगह अपने धर्म के प्रचार में जुट गए। धर्म के नाम पर लड़ाई-झगडें, धर्म परिवर्तन करवाना आदि सभी इन शासन कालों में रहे, जो आज तक विश्व में जिंदा है। अब चलते हैं वर्तमान भारतवर्ष के पड़ोसी देशों की ओर जहां कहने को तो प्रजातंत्र है लेकिन वहां धर्म के नाम पर कितना कुछ हो रहा है, इसे भी देख लेना चाहिए। धर्म के नाम पर बांग्लादेश में जो मार-धाड़, हत्या हो रही हैं, यह राजनीतिक हानि-लाभ को लेकर हो रही हैं। सत्ता में आने का रास्ता बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुन कर मारना, उनके घरों में आग लगा देना, उनकी बहू-बेटियों की इज्जत तार-तार कर देना, कहां की शासन व्यवस्था है? यह कौन सा लोकतांत्रिक देश है? ऐसा तो कभी आदिम युग की सभ्यता में भी नहीं हुआ जो अब बांग्लादेश में हो रहा है। धर्म के नाम पर केवल हिंदुओं को ही निशाना बनाया जा रहा है। कट्टरपंथी लोग इन हत्याओं और दंगों में अपना लाभ खोज रहे हैं। लोगों के झुंड के झुंड अल्पसंख्यक हिंदुओं को मार रहे हैं। वहां की सत्ता मौन धारण किए हुए है. वैश्विक मंच पर भी कोई आवाज नहीं उठा रहा है. इतना ही नहीं भारत में सत्ता से दूर विपक्षी दल भी मौन धारण किए हुए हैं। बिना वजह, बिना कारण बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाना, कहां की शासन व्यवस्था का काम है। वहां रह रहे कुछ गिने-चुने हिंदू सड़कों पर विरोध के लिए आते हैं तो अगले दिन उन्हें भी निशाना बना लिया जाता है। बांग्लादेश में चुनाव को ध्यान में रखकर यह सभी कुछ अकारण हो रहा है। राजनीतिक उठा-पटक के चलते यह घटनाएं किसी को भी सोचने पर आतुर कर रही हैं । अकारण ही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले, किसी भी सूरत में ठीक नहीं हैं । इस पर देश-दुनिया और मानवता पर चिंतन करने वाले सभी को सोचने की जरूरत है।

## यदि गहराई ...

डॉ घनश्याम बादल

# वेनेजुएला घटनाक्रम हतप्रभ दुनिया, बेलगाम ट्रंप



लोकतंत्र के स्वयं भू ठेकेदार और दुनियाभर में थानेदारी करने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलविया फ्लोरेस के साथ बेडरूम से घसीट कर, बंधक बनाकर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर डिटेंशन सेंटर में रखा है, वह एक तानाशाह, वैध या अवैध राष्ट्रपति का अपहरण मात्र नहीं बल्कि वेनेजुएला के प्रतीक रूप में दुनिया भर के लोकतंत्र की आत्मा का अपहरण एवं प्रताड़न है।

जब किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति खुले तौर पर यह कहता है कि उसने दूसरे संप्रभु देश में सैन्य या अर्धसैन्य अभियान चलाकर वहां के राष्ट्राध्यक्ष को बंधक बनाया, तो यह केवल एक देश की कार्रवाई नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक व्यवस्था की सामूहिक अवहेलना बन जाती है। यह वही अमेरिका है जो दुनिया को लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून का पाठ पढ़ाता रहा है। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है. अमेरिका का ताकत प्रदर्शन का यह चेहरा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। चिली, पनामा,ग्वाटेमाला, अफगानिस्तान, वियतनाम, ईरान व इराक जैसे कितने ही देश में अमेरिका ने मनमाने आरोप लगाकर वहां के शासको को सत्ता से बाहर किया है। एब्सोल्यूट रेजोल्यूशन नाम के इस अभियान के बाद जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको की राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप मादूरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं लेकिन सच कुछ और ही है । यदि ऐसे आरोपी के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठा कर रखता है वहां के सेना अध्यक्ष को लोकतांत्रिक सरकार को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। अमेरिका की कथनी करनी में यह फर्क कोई पहली बार परिलक्षित नहीं हुआ है यह उसकी बहुत पुरानी फितरत रही है। यदि गहराई में जाया जाए तो इस अभियान का मूल राजनीतिक कारण है अपनी मनमाफिक सत्ता-परिवर्तन की ज़िद। और साथ ही साथ पेट्रोलियम, सोने एवं हीरे जैसे बहुमूल्य खनिजों की संपदा से मालामाल इस देश पर कब्जा करने की उसकी गिद्ध दृष्टि है। वैसे वेनेजुएला के साथ अमेरिका का संघर्ष कोई एक दिन का नहीं है। ह्यूगो चावेज़ के समय से ही वाशिंगटन की असहजता जगज़ाहिर रही है। निकोलस मादुरो उस असहजता की निरंतरता हैं। अमेरिका को समस्या केवल मादुरो से नहीं, बल्कि उस राजनीतिक मॉडल से है जो अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण और सामाजिक राज्य की बात करता है।

## जरा हटके

## इजराइल और सोमालीलैंड ...

रामस्वरूप रावतसरे

# क्या सोमालीलैंड को मान्यता देकर इजरायल अपने हित साधने में सफल होगा ?




इज़राइल द्वारा 26 दिसंबर 2025 को सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है। यह पहली बार है जब किसी देश ने सोमालीलैंड को उसकी 1991 की स्वतंत्रता घोषणा के बाद आधिकारिक रूप से मान्यता दी है। सोमालिया से 34 साल पहले इसने खुद को आजाद घोषित किया था। इजरायल का ये निर्णय न केवल अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र में कूटनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा, बल्कि इजराइल की विदेश नीति में भी एक बड़े बदलाव को यह दर्शाता है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विदेश मंत्री गिदोन सा'आर के साथ मिलकर एक वीडियो कॉल के जरिए सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही के साथ एक जॉइंट डिक्लेरेशन पर साइन किए। नेतन्याहू ने इस घटनाक्रम को 'ऐतिहासिक और निर्णायक' बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच औपचारिक द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत है। इस समझौते के तहत दोनों देशों में दूतावास खोले जाएँगे और राजदूत नियुक्त किए जाएँगे। इससे राजनयिक संबंध स्थापित होंगे। सोमालीलैंड की आबादी लगभग 6.2 मिलियन यानी 62 लाख है। भारत में हैदराबाद की आबादी करीब 67 लाख है यानी हैदराबाद से भी इस देश की जनसंख्या थोड़ी कम है।

इजराइल और सोमालीलैंड के बीच हुई फोन बातचीत में नेतन्याहू ने आर्थिक विकास, कृषि और सामाजिक क्षेत्रों में सहयोग का वादा किया। उन्होंने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति को इज़राइल की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया और संकेत दिया कि वे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 'अब्राहम समझौते में' सोमालीलैंड को शामिल करने का अनुरोध करेंगे।

सोमालीलैंड की सरकार ने इस मान्यता का स्वागत किया है और समझौते पर साइन होते ही देश में जश्न मनाया जाने लगा। हजारों लोग राजधानी हरगेसा के फ्रीडम स्क्वायर में इकट्ठा हुए और सोमालीलैंड के झंडे लहराने लगे। इजराइल द्वारा आजाद देश के रूप में दी गई मान्यता का इन्होंने जमकर जश्न मनाया।

इज़राइल को औपचारिक मान्यता मिलने से अफ्रीका और मिडिल ईस्ट में भी भारी विरोध हुआ है। सऊदी अरब ने इस कदम की निंदा की। इसके अलावा अफ्रीकन यूनियन, सोमालिया, मिस्र, तुर्की, जिबूती और दूसरे देशों ने भी इजरायल के इस कदम की निंदा की है।

# बुद्धिमान

समस्त जीवात्माओं में आदमी सर्वोत्तम माना जाता है क्योंकि प्रकृति ने उसे ही एक विलक्षण ऋधि प्रदान की है जिसे बुद्धि कहते हैं। वह सृष्टि के प्रारंभ से लेकर आज तक की उसकी विकास यात्रा बुद्धि के सतत प्रयोग से प्राप्त अनिर्वचनीय सिद्धि है । हमारे द्वारा किसी काम के प्रति, करने से पूर्व भली भाँति सोच लेना बुद्धिमत्ता है । वह काम करते करते भी दिमाग़ में कुछ खटका हुआ और सोच-विचार कर लिया तो उसे सतर्कता कह सकते हैं । वह बिना सोचे समझे काम प्रारम्भ कर दिया और सम्पन्न भी कर लिया फिर समझ में आया कि यह तो ग़लत हुआ तो उसे तो सरासर मूर्खता कहेंगे। बुद्धिमान वह है जो यह कहता है कि मैं तकलीफ़ों को आने से रोक तो नहीं सकता पर यह मेरा निर्णय है कि मेरे भाग्य में जब कभी कष्ट द्वार पर लायेगा तो उन्हें मेरे मन के मकान में अड्डा नहीं जमाने दूँगा। हमारे मन में जब प्रश्न पैदा होता हैं तो उत्तर की खोज भी होती हैं। उत्तर की खोज शुरू की जाती है तो यथोचित प्रयास से समाधान भी मिल जाता हैं । आदमी बुद्धि से काम लेता हैं तो कोई रास्ता भी मिल जाता हैं। आत्मा का दीपक बुद्धि है और अन्तर के सद्गुणों की सर्चलाईट सदबुद्धि है । मानवता का परम कर्तव्य है कि हम बुद्धिमत्ता पूर्वक अपने जीवन का उपयोग करें । वह इस अमूल्य निधि का हमसे कभी दुरुपयोग न हो । हमारी मति में असीम क्षमता है पर अफसोस ! नगण्य को ही यह ज्ञात है कि कैसे इसका उपयोग मानवीय प्रगति में करें । अतः अभीष्ट है हर मानव इस असीम ज्ञान के भण्डार का अधिकाधिक उपयोग ही नहीं , सदुपयोग करे , न केवल स्वयं के लिए, अपितु समग्र मानवता के कल्याण में योगभूत बने । हमारी इस दुनिया में सफलता के लिए बुद्धि का विकास होना बहुत जरूरी हैं । नंदी सूत्र में बुद्धि के अनेक प्रकार बतलाए गए है । औत्पत्तिकी , वैनयिकी , कार्मिकी, पारिणामिकी ये चार मुख्य प्रकार हैं । मनुष्य बुद्धि बल से बड़ी- बड़ी समस्याओं को पार कर देता हैं । बुद्धिहीन मानव उलझ जाता हैं । वह समस्या को नहीं सुलझा सकता हैं । वह सब लोगों में बुद्धि समान नहीं होती हैं । कहते हैं कि आचार्य भिक्षु में औत्पत्तिकी बुद्धि थी । औत्पत्तिकी बुद्धि वह हैं, जिसमें बाहर से नहीं भीतर से समाधान निकलता हैं । उसका तात्पर्य यह हैं कि आज तक जिसके बारे में सुना नहीं , जाना नहीं ,पढ़ा नहीं आदि आदि फिर भी उस विषय पर कोई प्रश्न आए तो उत्तर तत्काल तैयार होता हैं ।

> प्रदीप छाजेड़

# बेटे ने की पिता, बहन और भांजी की हत्या

वारदात

## प्रयागराज में लाश कुएं में फेंकीं, छोटे भाई के नाम प्रॉपर्टी करने से नाराज था

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या कर दी गई। हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि बड़े बेटे मुकेश पटेल ने ही की। उसने पिता, बहन और भांजी को किडनैप कर लिया। इसके बाद तीनों को मारकर लाश कुएं में फेंक दीं। पिता राम सिंह (55) और बहन साधना देवी (21) के साथ भांजी आस्था (14) शुक्रवार रात 11 बजे से लापता थे। आस्था मुकेश पटेल की बड़ी बहन किरण की बेटी है। क्राइम ब्रांच ने आज मुकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया। वारदात मऊआइमा थाना क्षेत्र की है।

लोकपुर बिसानी गांव में रहने वाले राम सिंह के दो बेटे हैं- मुकेश पटेल (बड़ा) और मुकुंद लाल पटेल। मुकेश पटेल शादीशुदा है




और अपनी पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता है।

मुकुंद लाल अपने पिता राम सिंह बहन साधना देवी के साथ रहता है। उसके साथ 14 साल की भांजी आस्था भी रहती है। आस्था मुकुंद की बड़ी बहन किरण की बेटी है।

शनिवार शाम को मुकेश पटेल ने छोटे भाई मुकुंद लाल पर फायरिंग कर दी थी। गोली मुकुंद के कंधे पर लगी। इसके बाद मुकेश पटेल परिवार के साथ भाग गया।

घायल मुकुंद को अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद उसने अपने पिता के मोबाइल पर कॉल किया, तो फोन बंद मिला। वह लगातार फोन लगाता रहा, लेकिन बात नहीं हो सकी। बाद में पुलिस मुकेश के घर गई तो वहां ताला बंद मिला। इसके बाद पुलिस के साथ मुकुंद लाल पहुंचा। उसकी मौजूदगी में ताला तोड़ा गया। घर में एक जगह पर बिस्तर पर खून गिरा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने पूरे घर की तलाशी ली।

### गांवों में सर्च ऑपरेशन, ड्रोन से की गई तलाश

गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने गांव में दो दिन तक सर्च ऑपरेशन चलाया। ड्रोन से गांव और खेतों में चेकिंग की। घर के अंदर बिस्तर पर खून फैला होने से शक गहरा गया। तीनों की तलाश में टीमें लगी थीं। गांवों में सर्च ऑपरेशन, तलाशी, पूछताछ चल रही थी। सोमवार को पुलिस ने मुकेश पटेल की तलाश में छापेमारी की तो सनसनीखेज खुलासा हुआ कि तीनों की हत्या कर लाशों को कुएं में फेंक दिया गया है। क्राइम ब्रांच ने बड़े बेटे मुकेश पटेल को पकड़ लिया। अब पुलिस अफसर लाश बरामदगी के लिए जा रहे हैं। आरोपी ने बताया- सारी संपत्ति छोटे भाई मुकुंद लाल को लिख दी थी। तीनों को मारने के बाद तमंचे से मुकुंद को गोली मारने आया था। गोली कंधे में लगी तो भाग गया था।

### एक साल पहले जमीन मकान छोटे बेटे को लिखा

मुकेश पटेल और भाई मुकुंद लाल पटेल के बीच रंजिश संपत्ति को लेकर हुई। एक साल पहले पिता राम सिंह ने अपनी जमीन, मकान छोटे बेटे मुकुंद के नाम लिख दिया था। इसी बात से लेकर मुकेश का पिता राम सिंह और भाई मुकुंद से झगड़ा हुआ था। तब से रंजिश बढ़ती गई। बहन किरण का आरोप है कि खेत लिखाने के चक्कर में भाई मुकेश पटेल तीनों का अपहरण कर ले गया और हत्या कर दी।



प्रयागराज पुलिस दो दिन से सर्च ऑपरेशन चला रही थी।

## सीएमओ द्वारा सीएचसी जानसठ का औचक निरीक्षण करने से मचा हड़कम्प

तमसा संकेत, संवाददाता



मुजफ्फरनगर। सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुनील तेवतिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सीय सेवाओं, साफ-सफाई,दवाओं की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया।निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ओपीडी,आईपीडी वार्ड,लेबर रूम,इमरजेंसी कक्ष,दवा वितरण कक्ष,लैब तथा अभिलेखों की जांच की। उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अर्जुन सिंह को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ समय से उपस्थित रहें तथा मरीजों के साथ संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाया जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने,जांच सुविधाओं को सुदृढ़ करने,गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार देने तथा संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। साथ ही टीकाकरण,परिवार नियोजन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

फास्ट न्यूज

### 46 वर्षों से सेवा का अनवरत सिलसिला जारी

बाराबंकी । बाराबंकी के हड़ियाकोल स्थित श्रीराम वन कुटीर आश्रम में 46 वर्षों से लगातार नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी शिविर में हजारों मरीजों को उपचार और ऑपरेशन का लाभ मिला। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने शिविर का दौरा कर मरीजों से मुलाकात की।

### होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

महोबा । पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार दिनांक 04.01.2026 (रविवार) को रिज़र्व पुलिस लाइन महोबा में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में डॉ. सुरेन्द्र कुमार अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। शिविर के दौरान पुलिस लाइन परिसर में आवासित पुलिस कर्मियों, पुलिस पेंशनर्स, उनके परिजनों एवं बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यक होम्योपैथिक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया।

### वाराणसी में गर्भवती महिला की पीटकर हत्या

वाराणसी । वाराणसी में ऑटो से अस्पताल जा रही महिला पर मोहल्ले के दबंगों ने हमला कर दिया। ऑटो रोककर पहले पति को पीटा। फिर बीच-बचाव करने पहुंची गर्भवती पत्नी पर भी जमकर लात घूसे बरसाए। हमलावर गली से ऑटो निकलने का विरोध कर रहे थे, जिसके बाद अस्पताल पहुंची महिला ने दम तोड़ दिया।

## कन्नौज में कंबलों की रस्सी बनाकर 22 फीट ऊंची दीवार फांदी, 4 सस्पेंड

# जेल अफसर नाचने-गाने में मस्त रहे, दो कैदी भाग निकले

तमसा संकेत, एजेंसी

कन्नौज । कन्नौज जेल की करीब 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर 2 कैदी फरार हो गए। रविवार रात जेल में न्यू ईयर की पार्टी रखी गई थी। अफसर-कर्मचारी और उनके परिवारीजन पार्टी में मशगूल थे। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद गाना गा रहे थे। सिपाही डांस कर रहे थे।

पार्टी का फायदा उठाकर कैदियों ने कंबलों को आपस में जोड़ा और दीवार को फांदकर भाग निकले। रात में जेल के सभी कैदियों को बैरक भेजा गया, लेकिन गिनती नहीं हुई थी। सोमवार सुबह 11 बजे जब सभी कैदी निकाले गए तो गिनती में दो कैदी कम निकले। पहले जेल प्रशासन इसे छिपाने की कोशिश करता रहा और खोजबीन जारी रखी।




जेल प्रशासन ने पार्टी के सबूत भी मिटा दिए। लेकिन डीएम-एसपी को इस बात की भनक लग गई। वे समाधान दिवस छोड़कर जिला जेल पहुंचे। तब जेल प्रशासन ने उनके सामने सच्चाई कबूली। डीएम ने शासन को रिपोर्ट दी है। डीजी जेल ने बैरक प्रभारी शिवेंद्र सिंह यादव, हेड जेल वार्डर शिवचरण, डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद, जेलर विनय प्रताप सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जेल अधीक्षक के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं।

**कैदियों के भागने के बाद जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद का एक वीडियो सामने आया है, जोकि जेल के अंदर पार्टी का है। दावा किया गया कि जेल में सोमवार रात नए साल के जश्न में पार्टी की गई। डीजे बजाया गया। इसकी जानकारी बंदियों को पहले से हो गई थी। कैदी अंकित और शिवा ने पार्टी से पहले ही फरार होने प्लानिंग बना ली थी।**

### जेल प्रशासन ने मामले को दबाना चाहा, पार्टी के सबूत मिटाए

जेल प्रशासन ने पहले तो कैदियों के भागने की जानकारी छिपाई। जेल के अंदर ही कैदी शिवा और अंकित की तलाश की गई। जेल परिसर के आसपास देखा गया। जेल गेट के बगल की पूर्वी दीवार के सहारे रस्सीनुमा कम्बल लटके दिखाई दिए तो जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने तुरंत पार्टी के सबूत मिटाए।

### जेल की पूर्वी दीवार पर लटकाई कंबल से बनी रस्सी

जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में अनौगी गांव के पास जिला जेल है। जेल में 660 कैदी रखे जा सकते हैं। इस समय 440 कैदी बंद हैं। इसकी दीवारें करीब 22 फीट ऊंची हैं।

# बसपा की समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया गया ज़ोर

## बीजेपी साजिश के तहत जनता को बना रही गुलाम : विजय सिंह

- मायावती का जन्मदिन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाने को सौंपी जिम्मेदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन 15 जनवरी 2026 को मंडल स्तर पर मुरादाबाद में जनकल्याण कारी दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए विधानसभा वाइज मंडल प्रभारी व जिला प्रभारी तथा विधानसभा प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी विजय सिंह व नाजिम अहमद अल्वी उपस्थित रहे।



मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी ने बताया कि बसपा कार्यकर्ता अपने निजी वाहनों से अपनी अपनी विधानसभा से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में जाएंगे। उन्होंने बताया कि बूथ कमेटियों के अवशेष कार्य को भी समय बध पूरा करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी विजय सिंह ने समीक्षा करते हुए बताया कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में हर हालत में सत्ता प्राप्त करने के लिए अभी से युद्ध स्तर पर जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बीजेपी साजिश के तहत जनता को गुलाम बना रही है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। बेरोजगारी , महंगाई बढ़ रही है। शिक्षा का स्तर गिर रहा है ।उन्होंने निर्देशित किया कि संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत बनाना है। मंडल प्रभारी नंदराम प्रजापति व समर सिंह एडवोकेट ने भी विचार व्यक्त किये । समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष रोहिताश सिंह की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित हुई।

# बुढ़ाना में धूमधाम से मनाया गया माता शाकुंभरी देवी का 20 वां जन्मदिन

## राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा एक सुंदर भजन सुनाया गया

तमसा संकेत, संवाददाता

बुढाना। कस्बे के मंदिर चांदनी वाला में सिद्ध पीठ माता शाकुंभरी देवी का 20 वां जन्मदिन माँ शाकुम्भरी देवी धर्म प्रचार समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। समिति द्वारा मन्दिर प्रांगण व माता के दरबार को साग,सब्जियों,फूल,फल व गुब्बारे द्वारा भव्य रूप से सजाया गया है। इस दौरान माँ शाकुंभरी देवी धर्म प्रचार समिति के आयोजकों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि पहले माता की मंगला आरती और उसके बाद माता के दिव्य दर्शन कराए गए है। शाम को महाआरती करने के बाद माता शाकुंभरी देवी का भव्य जागरण मन्दिर प्रांगण में कराया जाएगा। भजनों का गुणगान सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। वहीं




जागरण में पहुंचे मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व उमेश मलिक सहित सृष्टि जागरण के संपादक डॉ. फलकुमार पंवार का समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां भगवती का स्वरूप चित्र भेंट कर स्वागत किया हैं।इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा एक सुंदर भजन भी गाकर सुनाया हैं। इस अवसर पर सुशील कुमार तायल,मनीष कुमार संगल, अमरीश कुमार बंसल,विपुल कुमार संगल,राजकुमार संगल, सोमांश संगल,विकास गर्ग, प्रदीप गर्ग,संजय गर्ग,लाला निरंजन स्वरूप,रामस्व-रूप तायल,अशोक सिंघल,नत्थू सिंह गर्ग,सुनील गोयल,राजेन्द्र गर्ग,अवध बिहारी लाल,विनोद भगत जी,दिनेश कुमार गर्ग,महेश गर्ग,राजपाल गर्ग,सुरेंद्र शर्मा,ओम प्रकाश गोयल,राजीव गर्ग,राजेश संगल,गौरव गोयल,हिमांशु संगल,सौरभ गोयल सहित सैकड़ों श्रद्दालु मौजूद रहे।

# 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी

## जच्चा-बच्चा स्वस्थ-नॉर्मल प्रसव होने से परिजनों में दौड़ी खुशी की लहर

सहायता

- सही समय पर मिली सरकारी एंबुलेंस सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं - परिजन

तमसा संकेत, संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जनपद में संचालित 102 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जीवनरक्षक साबित हुई। सुबह लगभग दस बजे एंबुलेंस के अंदर सुरक्षित प्रसव होने के बाद नवजात शिशु की किलकारी ने पूरे माहौल को खुशियों से भर दिया।

शाहपुर क्षेत्र के गांव आलियार-पुर निवासी शहराना पत्नी मेहताब को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने एंबुलेंस की



सहायता ली। सूचना मिलते ही ईएमटी पंकज कुमार और पायलट आकाश वहां पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में अचानक दर्द बढ़ने पर चालक आकाश ने एंबुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर

**एंबुलेंस कर्मियों-ईएमटी पंकज कुमार और पायलट आकाश की तत्परता, समझदारी और सेवा भाव की सराहना की।**

**102 एंबुलेंस सेवा लगातार ऐसे कई मामलों में जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान कर रही है, जिससे आम लोगों का भरोसा इस सेवा पर और भी मजबूत हुआ है।**

रोक दिया। स्थिति को गंभीर एवं आपातकालीन मानते हुए ईएमटी पंकज कुमार ने बिना समय गंवाए डिलीवरी किट की मदद से एंबुलेंस के अंदर ही परिजनों की मदद से प्रसव की पूरी प्रक्रिया संभाली। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के कारण कुछ ही मिनटों में महिला ने एक स्वस्थ नवजात शिशु को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की स्थिति सामान्य बताई गई और उन्हें आगे की चिकित्सा और देखभाल के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।परिजनों द्वारा सुरक्षित प्रसव कराकर माँ और बच्चे की जान बचाने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि सही समय पर मिली सरकारी एंबुलेंस सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं।

## साजिशः ग्रेटर नोएडा में खुद हॉस्पिटल लेकर पहुंची, बोली- लड़ रहा था तो गुस्सा आ गया

# गर्लफ्रेंड ने विदेशी बॉयफ्रेंड को चाकू से गोदकर मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर । ग्रेटर नोएडा में गर्लफ्रेंड ने अपने विदेशी बॉयफ्रेंड के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। जब खून बहने लगा, तो गर्लफ्रेंड उसे खुद हॉस्पिटल लेकर पहुंची। लेकिन विदेशी नागरिक की मौत हो चुकी थी। हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में युवती ने बताया- मैंने जान-बूझकर नहीं मारा। हम लोग पार्टी कर रहे थे। तभी झगड़ा हो गया। मुझे गुस्सा आ गया, तो मैंने उसके सीने पर चाकू मार दी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया है। युवती मणिपुर की और उसका ब्वॉयफ्रेंड



डक ही यू, मृतक

साउथ कोरिया का रहने वाला था। पुलिस ने बताया- फिलहाल मृतक डक के सीने पर चाकू का एक ही निशान दिख रहा है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुख्ता होगा कि कितनी जगह पर वार हुआ है। डक ही यू पिछले करीब 2 सालों से मणिपुर की रहने वाली एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। वह शराब पीने का आदी था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। इसी दौरान गुस्से में महिला ने चाकू से वार कर दिया, जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस बेड रुम में पहुंची तो शराब की बोतल और सिगरेट के डिब्बे मिले।

### एडीसीपी बोले- शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- जिम्स अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक सेक्टर-150 का रहने वाला था। उसकी पहचान डक ही यू के रूप में हुई है, जो दक्षिण कोरिया का नागरिक था और एक प्राइवेट कंपनी में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

### मोबाइल कंपनी में मैनेजर था डक ही यू

साउथ कोरिया का रहने वाला डक ही यू एक मोबाइल कंपनी में मैनेजर था। उसका मणिपुर की लुंजेना पमाई के साथ अफेयर था। दोनों दो साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे। एक साथ नोएडा सेक्टर 150 के पायस हाइड वेज नाम के सोसाइटी में रहते थे। पूछताछ में लुंजेना ने पुलिस को बताया- शनिवार की रात हम दोनों पार्टी कर रहे थे। साथ में ड्रिंक किया। इसी बीच हम दोनों के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नशे की हालत में मैंने अनजाने में चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया। मुझे नहीं पता था कि चाकू उसके सीने में घुस जाएगा और इतना गहरा घाव हो जाएगा। थोड़ी ही देर में जब डक खून से लथपथ हो गया, तो मैं तुरंत उन्हें लेकर ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लुंजेना ने कहा- मैं उसे जान से मारना नहीं चाहती थी। जो कुछ भी हुआ, अनजाने में हुआ है।

# जांच में दोषी पाए जाने पर की जाएगी संविदा समाप्त

## डीएम और सीएमओ को भेजी गई कार्रवाई की रिपोर्ट

तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। जिला मेडिकल अस्पताल में फर्जी डॉक्टर पकड़े जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने डॉ. तुषार सिंह को सस्पेंड कर दिया है। जांच में दोषी पाए जाने पर संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल अस्पताल के कक्ष नंबर 25 में टीबी एवं छाती विभाग की ओपीडी संचालित होती है। इसके प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तुषार सिंह हैं। उनकी अनुपस्थिति में एक अनजान व्यक्ति मरीजों का इलाज कर रहा था। वीडियो में वह चिकित्सक की कुर्सी पर बैठकर मरीजों को दवाई लिखता मिला। वह



मरीजों को काफी समय से एक जैसी ही दवा लिख रहा था। फार्मासिस्ट को शक होने पर पुष्टि करने के लिए डॉ. तुषार सिंह के कक्ष में पहुंचे। यहां फर्जी डॉक्टर दिनेश मरीजों को दवाई लिख रहा था जबकि पर्चे पर मुहर डॉ. तुषार सिंह की थी। वीडियो वायरल होने के बाद प्राचार्या डॉ. उर्मिला कार्या ने प्रकरण में संज्ञान लिया। उन्होंने जांच पूरी होने तक डॉ. तुषार सिंह को सस्पेंड कर दिया है। फर्जी डॉक्टर प्रकरण की जांच के लिए दो अलग-अलग कमेटी गठित की गई हैं। इसके लिए अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**ओपीडी कक्ष नंबर 25 में कुर्सी पर बैठकर मरीजों को दवाई लिखने का वीडियो वायरल हुआ। पर्चे पर डॉ. तुषार की मुहर थी। वीडियो का संज्ञान लेते हुए डॉ. तुषार सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर संविदा समाप्त की जाएगी। कार्रवाई की रिपोर्ट डीएम और सीएमओ को भी भेज दी गई है।**

**डॉ. उर्मिला कार्या, प्राचार्या, मेडिकल कॉलेज, बिजनौर**

## लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों में 17 आपराधिक मामले पहले से दर्ज

# एक लाख का ईनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी





सुलतानपुर । छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म सहित 17 आपराधिक मामलों में वांछित शातिर बदमाश तालिब उर्फ आजम खां रविवार देर रात सुलतानपुर में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र में हुए सामूहिक दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपी तालिब उर्फ आजम खां को सुलतानपुर में देर रात लखीमपुर खीरी तथा सुलतानपुर जिले की पुलिस टीमों ने घेरा तो उसने पुलिस की टीम पर हमला बोल दिया। मुठभेड़ सुल्तानपुर जिले में लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा मोड़ के पास हुई। एसटीएफ और पुलिस की टीमें तालिब उर्फ आजम खां के आने की सूचना पर सुल्तानपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सक्रिय थी, तभी बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसे तत्काल सीएचसी लंभुआ ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। फरधान थाना क्षेत्र में रहने वाली छात्रा 15 दिसंबर को सहेली के साथ सुबह कोचिंग जा रही थी। लखीमपुर बेहजम रोड पर लीलाकुआं के पास उसको बाइक सवार तीन बदमाश सलमान, मुख्तार और तालिब ने युवकों ने रोक लिया। उसे सड़क किनारे गन्ने के खेत में पकड़ कर ले गए। तीनों ने उसके साथ रेप किया। पीड़िता आरोपियों को पहचानती नहीं थी। उसने शक के आधार पर केस दर्ज कराया।

> पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में शातिर अपराधी तालिब उर्फ आजम खां घायल हो गया। लखीमपुर खीरी जिले के फरधाना थाना के गौरिया के तालिब पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसके विरुद्ध लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों में 17 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

### बदमाश का आपराधिक इतिहास

मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की पहचान तालिब उर्फ़ आज़म खां(26 वर्ष), पुत्र गफ्फार खां, निवासी गौरिया, थाना फरधान, जनपद लखीमपुर खीरी, के रूप में हुई है। पुलिस जांच के अनुसार, उस पर लखीमपुर खीरी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। तालिब उर्फ आज़म पर सामूहिक बलात्कार, हत्या के प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट समेत कुल 17 गंभीर मुकदमे दर्ज थे। इसके अलावा, इस पर एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित था, मुठभेड़ में बदमाश ढ़ेर की घटना पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस बदमाश के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज थे, और उसकी गिरफ्तारी से इलाके में सुरक्षा का माहौल मजबूत होगा।

## झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी ने किया भंडारे का आयोजन उमड़ा जनसमूह



तमसा संकेत, संवाददाता

झालू। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की ओर से नगर क्षेत्र स्थित श्री झंडे वाले बाबा जी के आश्रम में श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में नगरवासी, श्रद्धालु एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आश्रम परिसर में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही और वातावरण भक्ति व सेवा से सराबोर रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने भी श्री झंडे वाले बाबा जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि श्री झंडे वाले बाबा जी की असीम कृपा और आशीर्वाद से ही उन्हें नगरवासियों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा को ही वे अपना धर्म मानते हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक, सामाजिक व सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### सैडलरी फैक्ट्री में शार्ट-सर्किट से लगी भीषण आग

कानपुर । अनवरगंज थाना क्षेत्र में सोहनलाल कंपाउंड स्थित सैडलरी फैक्ट्री के सेकेंड फ्लोर में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में कारखाने से ऊंची–ऊंची लपटे उठने लगी। धुएं का गुबार करीब एक किलोमीटर दूर तक देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने फंसे 5 कर्मचारियों का रेस्क्यू कर करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया।

### जानसठ के फैक्टरी कर्मचारी का शव दिल्ली में मिला

मुजफ्फरनगर। जानसठ कस्बे के लापता फैक्टरी कर्मचारी का शव दिल्ली क्षेत्र में पुलिस को लावारिश हालत में सड़क पर मिलने से फैली सनसनी। दिल्ली पुलिस की सूचना मिलने पर परिजनों में मचा कोहराम। परिवार के लोग सोमवार की सुबह शव लेने दिल्ली पहुंचे।कस्बे की दक्षिणी सिविल कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय नीरज गुप्ता भोपा क्षेत्र में स्थित एक फैक्टरी में नौकरी करता था। वह विगत 21 दिसंबर को अपने घर से फैक्टरी में काम करने के लिए गया था। उसके बाद से वह वापस घर नहीं लौटा था।

### भीषण सड़क हादसा, 2 की मौत

आगरा । आगरा में घने कोहरे के चलते सोमवार सुबह आगरा-ग्वालियर हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। कोहरे के कारण एक के बाद एक सात वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराने की कोशिश शुरू की।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर मानक अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



**गड़बड़ी प्रकाश में आने पर सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध होगी कार्यवाही : डीएम**

बिजनौर। बिजनौर जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कुपोषण मुक्त जनपद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण गर्म पका भोजन, टेक होम राशन एवं पोषण शिक्षा पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुसार बेबी फ्रेंडली फर्नीचर की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से वजन कराना सुनिश्चित करें, यदि इस महत्वपूर्ण कार्य में गड़बड़ी होना प्रकाश में आता है तो संबंधित सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, पोषाहार वितरण की स्थिति, ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग, सैम बच्चों का एनआरसी, वजन मशीन, सहित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## दीपनारायण के घर में लगे सीसीटीवी तोड़े, गांववाले बोले- हमें खदेड़ा, पुजारी को उठा ले गए

# पूर्व विधायक को रिमांड पर पैतृक गांव लेकर पहुंची पुलिस

तमसा संकेत, एजेंसी



दीपनारायण सिंह यादव पूर्व विधायक, सपा

झांसी। झांसी की गरौठा विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव को पुलिस ने आठ घंटे के लिए रिमांड पर लिया है। पूर्व विधायक को मोठ में उनके गांव बुढावली लेकर पुलिस पहुंची है। जहां उनके पैतृक घर पर 10 मिनट तक पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस उन्हें लेकर मोठ थाने आ गई है। इसी के बाद मोठ थाने की पुलिस सोमवार को सुबह 10 बजे झांसी जेल पहुंची और भारी सुरक्षा बल के साथ पूर्व विधायक को जेल से लेकर मोठ थाने लाई। फिलहाल विधायक को मोठ थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है। यहां से उन्हें घटनास्थल पर भी ले जाया जाएगा। बता दें कि मोठ थाना क्षेत्र के बुढावाली में लूट और रंगदारी की घटना में पूर्व विधायक नामजद हैं। कोतवाली मोंठ थाना पुलिस ने विशेष अदालत में दीपनारायण सिंह यादव को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दी थी। ताकि डकैती-रंगदारी मामले में पूछताछ की जा सके। बकाए धनराशि की बरामदगी हो सके। सूत्रों की मानें तो इसके लिए पुलिस उन्हें उनके गांव बुढ़वली लेकर आना चाहती है। पूछताछ के लिए तीन दिन की रिमांड की अर्जी लगाई थी। इसके बाद पूरे घर में तलाशी लेते रहे। छतों पर भी पुलिस चढ़कर लोगों को नीचे उतार रही थी।

> बुढावली गांव की रहने वालीं सप्तरा ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- जब दीपनारायण सिंह गांव आएं तो गांव के लोग उन्हें देखने के लिए जुट गए। पुलिस ने सबको खदेड़ दिया।

### बकाया धनराशि वसूलने के लिए रिमांड पर लेना जरूरी

कोर्ट ने आदेश दिया था कि सोमवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक की रिमांड ली जाए। कोर्ट ने आदेश दिया था कि पुलिस उन्हें ले जाए और अपनी कार्रवाई करे। शाम छह बजे तक मेडिकल कराकर वापस जेल में दाखिल कराएं। इससे पहले उनके वकील मनीष यादव ने रिमांड न देने की कोर्ट से बात कही थी। लेकिन एडीजीसी राजेंद्र रावत ने मामले में बकाया धनराशि वसूलने के लिए रिमांड पर लेना जरूरी तर्क दिया था। बाद में जिसे कोर्ट ने मान लिया और मात्र आठ घंटे की रिमांड दी है। इस दौरान पूर्व विधायक के अधिवक्ता साथ रह सकते हैं।



### पूर्व विधायक के पास से 15 हजार रुपए मिले

पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव के वकील जाहिद मंसूरी बोले, कुछ बातें ढकी रहने दो। कोर्ट के लिए हमारे पास कुछ बचा रहने दो।

वकील ने बताया कि पूर्व विधायक के पास से 15 हजार रुपए बरामद किए गए हैं।

बुजुर्ग महिला का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें भी कान पर मारा है। जिससे उन्हें खून आ गया। पुलिस को मारपीट करने का अधिकार किसने दिया।

## समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच कर समाधान करे अधिकारी लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अपूर्वा यादव (एसडीएम34)

# बुढ़ाना में आयोजित समाधान दिवस में आयी 23 शिकायत

तमसा संकेत, संवाददाता



बुढ़ाना। उपजिलाधिकारी व एसपी ग्रामीण द्वारा प्रशासनिक अधिकारी-गण के साथ तहसील बुढाना पर लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है। बता दे कि उपजिलाधिकारी अपूर्वा यादव व एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा तहसील बुढाना पर लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया व समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। समाधान दिवस के दौरान थाना,बिजली, राशन, राजस्व विभाग सहित 23 शिकायते आई है जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया है व बाकी शिकायतों को अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण को निर्देशित किया हैं कि समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे व महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए.इस अवसर पर तहसीदार महेंद्र यादव,क्षेत्राधिकारी गजेन्द्रपाल सिंह,क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेन्द्र सिंह नागर सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मोजूद रहे।

> अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण ओर शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरुक करते हुए साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सुनी गई जनसमस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता




मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ तहसील जानसठ पर लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। बता दे कि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ तहसील जानसठ पर लगे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया व समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान बिजली,भूमि,राशन व राजस्व विभाग संबंधित दर्जनों शिकायत आई है जिन्हें अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें व महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त अधिकारीगण द्वारा समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण ओर शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक कर साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जानसठ रूपाली राव,क्षेत्राधिकारी भोपा देववृत वाजपेई सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मोजूद रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### यूपी पुलिस भर्ती में ...

विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने योगी को उनका वादा याद दिलाया था।

लेटर में लिखा था- 18 नवंबर, 2025 को गोरखपुर जनता दरबार में और 15 दिसंबर, 2015 को लखनऊ में जनता दरबार में आपने वादा किया था कि अभ्यर्थियों को तीन साल की छूट प्रदान की जाएगी। लेकिन, नोटिफिकेशन जारी होने पर उसमें तीन साल की छूट प्रदान नहीं की गई।

इससे पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अभ्यर्थियों की मांग का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण पुलिस भर्ती में देरी हुई है। इससे कई अभ्यर्थी इस परीक्षा को लेकर अयोग्य हो गए हैं।

31 दिसंबर की शाम योगी सरकार ने 32, 679 पदों पर सीधी भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया था। इनमें सिविल पुलिस के अलावा PAC, विशेष सुरक्षा बल यानी SSF, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस और जेल वार्डर तक के पद शामिल थे।

सिविल पुलिस में 10,469 पदों पर महिला और पुरुष अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। जबकि PAC में पुरुषों के लिए 15,131 पद खाली हैं। UP SSF में पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 1341 वैकेंसी है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 31 दिसंबर से 30 जनवरी, 2026 तक चलेगी। आवेदन करने से पहले upprpb.in पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) जरूरी है। साल 2025 में यह दूसरी बड़ी भर्ती है। इससे पहले 60,244 पदों पर सिपाही भर्ती हुई थी। ऐसे पुरुष अभ्यर्थी, जिन्होंने 1 जुलाई 2025 तक न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और अधिकतम 25 वर्ष की आयु से अधिक न हो। मतलब- अभ्यर्थी का जन्म 2 जुलाई 2000 से पहले और 1 जुलाई 2007 के बाद नहीं होना चाहिए।

### दिल्ली विधानसभा...

सस्पेंड किए गए विधायकों में संजय झा, सोमदत्त, कुलदीप कुमार और जरनैल सिंह शामिल हैं। AAP विधायक उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

हंगामा बढ़ने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने AAP के कई विधायकों को मार्शल के जरिए सदन से बाहर भिजवा दिया। बाद में जब सदन दोबारा बैठा तो PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने चार विधायकों को सत्र के बाकी तीन दिनों के लिए सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी।

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि आप विधायकों ने सदन और उपराज्यपाल का अपमान किया। वहीं AAP विधायक संजय झा ने इसे प्रदूषण का मुद्दा उठाने की सजा बताया। इसी बीच सदन में कार्यवाही का समय दोपहर 2 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे करने का प्रस्ताव पास किया गया।

### सरकार के लिए ...

उन्होंने बताया कि बीजेपी सरकार ने अपने 10 महीने के कार्यकाल में जनकल्याण के कई अहम कदम उठाए हैं। LG ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और यमुना की सफाई सरकार की प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने माना कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है और साफ हवा हर नागरिक का मौलिक अधिकार है।

### एसआईआर के आंकड़े ...

थोड़ी देर बाद सीएम योगी भी नितिन नबीन से मिलने पहुंचेंगे। उन्हें यूपी सरकार की उपलब्धियों के साथ आगामी योजनाओं की जानकारी देंगे। मंत्रिमंडल विस्तार, पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। यह योगी और नितिन नबीन की पहली मुलाकात होगी। दरअसल, योगी सरकार 2.0 का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार होना है। इसमें कुछ नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। वहीं, कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। इससे पहले योगी पिछले साल 25 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचे थे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी से मुलाकात की थी। सीएम ने पीएम को श्रीराम की प्रतिमा भेंट की थी।

### अमेरिका के ...

मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डॉलर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है।

व्हाइट हाउस की वेबसाइट के मुताबिक जेडी वेंस अपने परिवार के साथ ओहियो के सिनसिनाटी शहर में रहते हैं। उनका जन्म 2 अगस्त 1984 को अमेरिका के ओहियो राज्य में एक स्कॉट-आयरिश फैमिली में हुआ था।

जेडी अपनी मां बेवर्ली एकिंस के दूसरे पति डोनाल्ड बोमन की संतान हैं। जब जेडी का जन्म हुआ, तब उनके माता-पिता तंगी से जूझ रहे थे। ऐसे में जेडी का बचपन गरीबी में बीता।

जब जेडी कुछ ही महीनों के थे, तो उनके पेरेंट्स का तलाक हो गया। इसके दो साल बाद बेवर्ली ने बॉब हैमेल से शादी की। इसी बीच पैसों की तंगी के कारण जेडी की मां बेवर्ली को ड्रग्स और शराब की लत लग गई।

### दिल्ली दंगा केस में ...

उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा FIR दर्ज की गईं।

अदालत ने कहा कि अभियोजन और सबूतों, दोनों के लिहाज से उमर खालिद और शरजील इमाम की स्थिति अन्य 5 आरोपियों की तुलना में अलग है। कथित अपराधों में इन दोनों की केंद्रीय (मुख्य) भूमिका रही है। इन दोनों की हिरासत (ज्यूडिशियल कस्टडी) की अवधि भले ही लंबी रही हो, लेकिन यह न तो संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करती है और न ही संबंधित कानूनों के तहत लगे वैधानिक प्रतिबंधों को निष्प्रभावी करती है।

बहस के दौरान लंबे समय तक जेल में रहने और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के बारे में दलीलें दी गईं। यह कोर्ट संविधान और कानून के बीच अमूर्त तुलना नहीं कर रहा है।

अनुच्छेद 21 संवैधानिक व्यवस्था में एक खास जगह रखता है। ट्रायल से पहले जेल को सजा नहीं माना जा सकता। स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना नहीं होगा।

### एसआईआर के ...

ममता ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में वकील के तौर पर नहीं बल्कि एक आम नागरिक के तौर पर पेश होने की अनुमति मांगेगी। बोलीं- जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी और जनता के लिए पैरवी करूंगी। मैं जनता की आवाज बनूंगी। ममता ने यह भी याद दिलाया कि उन्होंने कानूनी शिक्षा प्राप्त की है।

ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा, अगर लोगों के अधिकार छीन लिए गए, तो आप भी गायब हो जाएंगे, गायब हो जाइए कुमार। ममता ने आरोप लगाया कि SIR प्रोसेस में बिना वैध कारणों के बिना मनमाने ढंग से मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं। विधानसभा चुनावों से पहले SIR लोगों को डराने की प्रोसेस बन गई है।

### केजीएमयू लव जिहाद...

विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह भी सामने आया कि आरोपी के परिजन भी इस पूरे मामले में शामिल थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के माता-पिता ने पीड़िता पर दबाव बनाकर अपने बेटे से निकाह कराने की कोशिश की। इस आधार पर मुकदमे में बीएनएस की गंभीर धाराओं में बढ़ोतरी की गई। विवेचना के दौरान सलीमुद्दीन और उसकी पत्नी खतीजा की संलिप्तता पाए जाने पर उनकी गिरफ्तारी का आदेश लिया गया।

### कहा- देश की सुरक्षा के लिए जरूरी, डेनमार्क पीएम बोलीं- धमकियां देना बंद करें अमेरिकी राष्ट्रपति

# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात दोहराई

**आक्रोश**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ग्रीनलैंड पर अमेरिका का नियंत्रण चाहने की बात दोहराई है। इससे डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं में गुस्सा भड़क गया है।

ट्रम्प ने सोमवार को एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड बहुत जरूरी है और वहां रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी चिंता की बात है। इससे पहले द अटलांटिक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में भी ट्रम्प




ने कहा था कि रक्षा के लिहाज से ग्रीनलैंड अमेरिका को चाहिए।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प की इस टिप्पणी पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा कि अमेरिका का ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात करना पूरी तरह बेतुकी है। वहीं ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने भी ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत और अपमानजनक बताया। अमेरिकी सेना के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाने के बाद यह विवाद

> डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं और नाटो का सदस्य हैं, जिससे इसकी रक्षा की जिम्मेदारी नाटो की सामूहिक सुरक्षा के तहत आती है।

और गहरा गया है। मादुरो पर ड्रग तस्करी के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया। मिलर ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा ₹जल्द ही₹।

## डेनमार्क पीएम बोली- अमेरिका के पास डेनिश साम्राज्य हड़पने का अधिकार नहीं है

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ₹अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोई जरूरत नहीं है और न ही उसके पास डेनिश साम्राज्य के किसी भी हिस्से को हड़पने का कोई अधिकार है।

फ्रेडरिक्सेन ने ट्रम्प से करीबी सहयोगी देश के खिलाफ धमकियां देना बंद करने की अपील की और याद दिलाया कि ग्रीनलैंड के लोग खुद स्पष्ट कह चुके हैं कि वे बिकाऊ नहीं हैं।

डेनमार्क नाटो का सदस्य है और अमेरिका के साथ पहले से ही उसका रक्षा समझौता है, जिसके तहत ग्रीनलैंड में पहले से अमेरिकी पहुंच है।

## ग्रीनलैंड पीएम बोले- हमारा देश बिकने वाला नहीं

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है।

नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा- मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। नीलसन बोले, हम स्वतंत्र चुनावों और मजबूत संस्थानों वाला एक लोकतांत्रिक समाज हैं। हमारी स्थिति अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त समझौतों पर आधारित है। इस पर कोई सवाल नहीं है। ग्रीनलैंड सरकार शांतिपूर्वक और जिम्मेदारी से अपना काम जारी रखे हुए है।

इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क में अमेरिकी कब्जे की आशंकाएं बढ़ गईं।

# रोबोट को भी अब दर्द महसूस होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीन में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी 'इलेक्ट्रॉनिक स्किन' तैयार की है, जो रोबोट को न सिर्फ छूने का एहसास कराएगी, बल्कि उसे दर्द भी महसूस होगा। हॉन्गकॉन्ग की सिटी यूनिवर्सिटी के इंजीनियर युयु गाओ की लीडरशिप में तैयार यह स्किन 'न्यूरोमॉर्फिक' तकनीक पर बेस्ड है, जो बिल्कुल इंसानों के नर्वस सिस्टम की तरह काम करती है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि अगर रोबोट को कोई नुकीली या गर्म चीज छुएगी, तो वह इंसान की तरह ही 'रिफ्लेक्स एक्शन' दिखाएगा और तुरंत अपना हाथ पीछे खींच लेगा। इससे रोबोट और उसके संपर्क में आने वाले इंसानों, दोनों की सुरक्षा बढ़ेगी। यह आर्टिफिशियल स्किन 4 एक्टिव लेयर से बनी है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, जब कोई इस स्किन को छूता है, तो यह उस स्पर्श को इलेक्ट्रिकल सिग्नल में बदल देती है।



**चीन के वैज्ञानिकों ने बनाई इंसानों जैसी ई-स्किन, चोट लगने पर तुरंत हाथ हटाएगा**

ये सिग्नल ठीक वैसे ही होते हैं, जैसे हमारी नसें दिमाग को सिग्नल भेजती हैं। अगर दबाव हल्का है, तो रोबोट उसे सामान्य स्पर्श मानेगा और अपना काम जारी रखेगा, लेकिन जैसे ही दबाव एक तय लिमिट से ज्यादा होगा, रोबोट इसे 'दर्द' के रूप में पहचानेगा और फौरन प्रतिक्रिया करेगा।

# सीईओ कैंपबेल विल्सन को निकाल सकती है एअर इंडिया

## खराब सर्विस और फ्लाइट में देरी बनी बड़ी वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा ग्रुप की ओनरशिप वाली एयरलाइन एअर इंडिया में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एअर इंडिया के मौजूदा CEO और मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) कैंपबेल विल्सन को हटाया जा सकता है।

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन एयरलाइन की कमान संभालने के लिए एक नए CEO की तलाश कर रहे हैं। विल्सन का कार्यकाल चुनौतियों से भरा रहा है, जिसमें तकनीकी दिक्कतें और सर्विस क्वालिटी को लेकर लगातार उठ रहे सवाल शामिल हैं।

एअर इंडिया और विस्तारा के हालिया मर्जर के बाद टाटा ग्रुप



एयरलाइन के ऑपरेशन्स को और ज्यादा प्रोफेशनल और स्मूथ बनाना चाहता है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि मर्जर के बाद मैनेजमेंट में बदलाव होना स्वाभाविक है।

कंपनी अब ऐसे लीडर की तलाश में है जो एअर इंडिया के ग्लोबल फुटप्रिंट को मजबूती दे सके और कस्टमर सर्विस के गिरते ग्राफ को संभाल सके।

न्यूजीलैंड के कैंपबेल विल्सन जून 2022 में एअर इंडिया से जुड़े थे। उनके कार्यकाल में एअर इंडिया ने 470 नए विमानों का ऐतिहासिक ऑर्डर दिया, लेकिन साथ ही कई विवाद भी जुड़े रहे।

'पेशाब कांड' जैसी घटनाओं और केबिन की खराब हालत (टूटी सीटें, काम न करने वाली स्क्रीन) ने एयरलाइन की इमेज को नुकसान पहुंचाया। सोशल मीडिया पर यात्री अक्सर फ्लाइट्स में देरी और खराब सर्विस को लेकर कैंपबेल विल्सन के नेतृत्व पर सवाल उठाते रहे हैं।

### रूस से भारत का तेल आयात घटने पर ट्रम्प बोले वे जानते थे मैं नाखुश था

# 'मोदी ने यह मुझे खुश करने के लिए किया'

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल आयात कम करने को लेकर बयान दिया है। ट्रम्प ने कहा है कि भारत ने यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया। ट्रम्प ने कहा, वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि भारत रूस से



तेल खरीदकर यूक्रेन पर हो रहे हमलों को फंड कर रहा है। इसे लेकर ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर 25% टैरिफ भी लगाया था। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने 20-25 डॉलर प्रति बैरल सस्ता क्रूड ऑयल बेचना शुरू किया। तब अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल थी, ऐसे में ये छूट भारत के लिए किफायती थी।



ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल आयात को लेकर कई बार नाराजगी जाहिर की थी। (फाइल फोटो)

## भारतीय राजदूत ने 25% टैरिफ हटाने की अपील की

अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा है कि वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के घर गए थे। उस मुलाकात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए। लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, भारत अब पहले के मुकाबले रूस से काफी कम मात्रा में तेल खरीद रहा है। इस मुद्दे को बातचीत में प्रमुख रूप से उठाया गया।

## भारत ने 4 साल बाद रूस से तेल आयात कम किया

भारत ने 2021 के बाद पहली बार रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवंबर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रति दिन था, जो दिसंबर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रति दिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रति दिन से भी नीचे जा सकता है। जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है। नवंबर 21 से रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हुए हैं।

## ग्रो फाउंडर केशरे बोले- रोज खुद को साबित करना ही सफलता

मुंबई । ललित केशरे (44 वर्ष) उन दिग्गज उद्यमियों में हैं, जिन्होंने साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर असाधारण असर पैदा किया। मध्यप्रदेश के किसान परिवार में जन्मे ललित का सफर आईआईटी बॉम्बे, कॉरपोरेट नौकरी, एक असफल स्टार्टअप और फिर भारत के अग्रणी निवेश प्लेटफॉर्म ग्रो की स्थापना तक पहुंचता है।

9 वर्षों में ही ग्रो को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मार्केट कैप तक ले जाना उनकी दूरदृष्टि, धैर्य और कस्टमर-फोकस का प्रमाण है। वे मानते हैं कि सफलता हर दिन खुद को दोबारा साबित करने का नाम है।

क्या आपके शुरुआती जीवन में कोई ऐसा मोड़ आया जिसने आपको यह महसूस कराया कि आप कुछ नया और बड़ा कर सकते हैं?

मेरे नाना जी कहते थे कि सादा जीवन, उच्च विचार। इस दुनिया में वैल्यू क्रिएट करो तो असली खुशी मिलती है। उनकी यही सीख आज तक मोटिवेट करती है।

### एक्स बॉयफ्रेंड पर आरोप, उसी के अपार्टमेंट में शव मिला, आरोपी अर्जुन भागकर भारत आया

# अमेरिका में भारतीय महिला की हत्या

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका के मैरीलैंड राज्य में न्यू ईयर से लापता एक भारतीय महिला का शव उसके एक्स बॉयफ्रेंड के अपार्टमेंट से बरामद हुआ है। महिला के शरीर पर चाकू से वार के निशान मिले हैं। पुलिस ने मामले में उसके एक्स बॉयफ्रेंड के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

हावर्ड काउंटी पुलिस के मुताबिक, 27 वर्षीय निकिता गोदिशाला का शव कोलंबिया इलाके में उसके एक्स बॉयफ्रेंड अर्जुन शर्मा के अपार्टमेंट से मिला। पुलिस ने अर्जुन शर्मा के खिलाफ



अमेरिका के कोलंबिया में काम करने वाली निकिता गोदिशाला की न्यू ईयर की शाम से लापता थीं। अब उनका शव एक्स बॉयफ्रेंड के अपार्टमेंट से बरामद हुआ।

फर्स्ट और सेकंड डिग्री मर्डर का गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। भारत



तस्वीर हत्या के आरोपी अर्जुन शर्मा की है।

> पुलिस का कहना है कि अर्जुन शर्मा ने 2 जनवरी को निकिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन उसी दिन वह अमेरिका से भारत भाग गया। अधिकारियों को शक है कि 31 दिसंबर की शाम करीब 7 बजे अर्जुन ने निकिता की हत्या की।

के दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बयान जारी कर कहा है कि वह निकिता के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता दी जा रही है। निकिता एक हेल्थकेयर प्रोफेशनल और डेटा एनालिटिक्स एक्सपर्ट थीं। उन्होंने भारत की जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ फार्मेसी की डिग्री ली थी।

## आरोपी के खिलाफ इंटरपोल की मदद लेने की तैयारी

हॉवर्ड काउंटी पुलिस अमेरिकी फेडरल एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर अर्जुन की तलाश कर रही है।

अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस इंटरपोल के जरिए रेड नोटिस जारी करने की तैयारी में है। रेड नोटिस जारी होने पर करीब 200 देशों, जिनमें भारत भी शामिल है, को आरोपी की जानकारी दी जाती है, ताकि उसे गिरफ्तार किया जा सके।

अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि है, लेकिन आरोपी को भारत से वापस लाने की प्रक्रिया में कई महीने लग सकते हैं।

# सेंसेक्स 322 अंक गिरकर 85,439 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी 5 जनवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 322 अंक गिरकर 85,439 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 78 अंक की गिरावट रही, ये 26,250 के स्तर पर बंद हुआ।

हालांकि निफ्टी ने आज कारोबार के दौरान नया रिकॉर्ड हाई बनाया, इसने 26,373 के स्तर को छुआ। आज IT और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 3.43% ऊपर 4,457 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 2.97% ऊपर 51,832 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.033% ऊपर 26,347 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.38% बढ़कर 4,023 पर बंद हुआ। 2 जनवरी को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.66% बढ़कर 48,382 पर बंद हुआ। वहीं,



नैस्डेक कंपोजिट में 0.02% की गिरावट और S&P 500 में 0.19% की तेजी रही थी।

दिसंबर 2025 में FIIs ने कुल 34,349.62 करोड़ के शेयर्स बेचे। इस दौरान बाजार को संभाल रहे DIIs ने 79,619.91 करोड़ के शेयर खरीदे।

नवंबर महीने में FIIs ने कुल 17,500.31 करोड़ के शेयर बेचे। जबकि, DIIs ने 77,083.78 करोड़ की खरीदारी की। यानी, बाजार को घरेलू निवेशकों का सपोर्ट है। शेयर बाजार में आज यानी 2 जनवरी को तेजी रही थी। सेंसेक्स 573 अंक चढ़कर 85,762 के स्तर पर बंद हुआ था।

### चेतावनी : कहा- हमारी बात नहीं मानी तो और बुरा हाल करेंगे, यूएन एस सी में आज इमरजेंसी मीटिंग

# डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को दी धमकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को बुरा हाल करने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा, 'अगर डेल्सी वह नहीं करतीं जो वेनेजुएला के लिए अमेरिका सही मानता है, तो उनका हाल मादुरो से भी ज्यादा बुरा हो सकता है।'

ट्रम्प ने यह बात द अटलांटिक मैग्जीन को दिए इंटरव्यू में कही है। इससे पहले न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा था अगर रोड्रिग्ज अमेरिका की बात मान लेती हैं तो वेनेजुएला में अमेरिकी सेना तैनात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



रविवार देर रात जारी किए बयान में रोड्रिग्ज ने कहा कि अमेरिकी सेना की कार्रवाई में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की गिरफ्तारी के बाद भी वेनेजुएला टकराव नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग चाहता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में रहते हुए दोनों देशों को मिलकर काम करना चाहिए।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को आज मैनहैटन की फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

> वहीं, रोड्रिग्ज ने मादुरो को सत्ता से हटाने की आलोचना की है। साथ ही अमेरिका से मादुरो को वापस भेजने की मांग की है।

> वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद आज यूएनएससी की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। इसमें वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को हिरासत में लेने की वैधता पर चर्चा होगी।



## डेल्सी ने अमेरिका से सहयोग की अपील की

वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिका से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला अमेरिका के साथ विकास और शांति के लिए सहयोग का एजेंडा बनाना चाहता है।

उन्होंने कहा,राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, हमारे लोग युद्ध नहीं, शांति और बातचीत के हकदार हैं। यही संदेश राष्ट्रपति मादुरो का हमेशा रहा है और आज पूरे वेनेजुएला का भी यही संदेश है।

# सोना 939 बढ़कर 1.36 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ

## चांदी 2,225 महंगी होकर 2.37 लाख किलो बिक रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 5 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 939 रुपए बढ़कर 1,35,721 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,34,782 रुपए पर था।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,225 रुपए बढ़कर 2,36,775 रुपए पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,34,550 रुपए किलो थी। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 को सोना 1,38,161 रुपए और चांदी 2,43,483 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी।

IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन



गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया।

चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपए (167%) बढ़ा। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96